25 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 98

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महाकुंभ में महामंडलेश्वर बन गयीं ममता कुलकर्णी



आ गया ! आ गया ! जय सिंग बोंगा !

जय झारखंड जय सूर्य भगवान





स्व. प्रधान सिंह मुंडा
प्रख्यात समाजसेवी
सह भू-दाता

## सूर्य मंदिर (सिंग बोंगा) टुसू मेला

स्थान - प्रधान सिंह मुण्डा नगर, एदलहातु, बुण्डू (रांची)



दिनांक 25 एवं 26 जनवरी 2025

इस ऐतिहासिक भव्य टुसू मेले में आप सभी भाइयों, बहनों, माताओं, बुजुर्गों, मेला प्रेमियों एवं भक्तजनों का हार्दिक हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन ...

## टुसू चौडल में पुरस्कार (दिनांक 25 जनवरी)

- प्रथम पुरस्कार - 11,001/-
- तृतीय पुरस्कार - 7,001/-
- पचम पुरस्कार - 3,001/-
- द्वितीय पुरस्कार - 9,001/-
- चतुर्थ पुरस्कार - 5,001/-
- एवं सांत्वना पुरस्कार दिये जायेंगे



चंडी कुमार सिंह मुंडा
संरक्षक
भू-दाता के बड़े पुत्र
सूर्य मंदिर (सिंग बोंगा) मेला समिति

राम दुर्लभ सिंह मुंडा
अध्यक्ष
भू-दाता के छोटे पुत्र
सूर्य मंदिर (सिंग बोंगा) मेला समिति



## आधुनिक एवं ठेठ नागपुरी कार्यक्रम

(दिनांक 26 जनवरी)

(दिन 12 बजे से रात 09 बजे तक)

मस्ताना म्यूजिकल ग्रुप
की धमाकेदार प्रस्तुति...
आपका सहयोग, हमारा प्रयास
पांच परगना क्षेत्र के नाम

सिंगर - पवन रॉय, यासिन मस्ताना, नितेश कच्छप
संजय मास्टर, मोनिका मुण्डू, सुमन गुप्ता, चिंता देवी
एंकर - राजू भाई
म्यूजिक- पायल ब्राण्ड आदित्य साउण्ड





पवन रॉय, सुमन गुप्ता, यासिन मस्ताना, नितेश कच्छप, संजय मास्टर, चिंता देवी, मोनिका मुण्डू

नोटः- मेले में शराब बेचना एवं किसी भी प्रकार का गलत हरकत करना सख्त मना है

निवेदकः सूर्य मंदिर (सिंग बोंगा) टुसू मेला समिति एवं संस्कृति विहार, प्रधान सिंह मुण्डा नगर, एदलहातु, बुण्डू (रांची)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 76,000 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड के सार्थक विकास की अगुवा बन रहीं महिलाएं

## ■ आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहीं

## ■ बैंकों से लोन के मामले से लेकर अन्य क्षेत्रों में फहरा रहीं परचम, बन रहीं आत्मनिर्भर

## ■ राज्य के विकास में इनके सकारात्मक योगदान की तस्वीर बड़ी ही चमकीली है

**आजाद सिपाही विशेष**

**अमेरिका के प्रसिद्ध समाज वैज्ञानिक डैनियल लर्नर ने अपने चर्चित सिद्धांत थ्योरी ऑफ मूवमेंट में कहा है कि किसी भी समाज में बदलाव तभी ठोस और स्थायी के साथ समावेशी हो सकता है, जब उसके केंद्र में महिलाएं हों। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो महिलाओं का सशक्तिकरण ही किसी भी समाज के विकास की असली पहचान है। लर्नर का यह सिद्धांत झारखंड में हकीकत की जमीन पर उतरता दिखाई दे रहा है, क्योंकि यहां की महिलाएं राज्य के साथ-साथ अपने विकास की नयी कहानियां लिख रही हैं। झारखंड की महिलाएं किस तरह झारखंड के विकास की अगुवा बन रही हैं, यह इसी बात से पता चलता है कि बैंकों से लोन लेनेवाली महिलाओं की संख्या पिछले कुछ साल में तेजी से बढ़ी है। आम तौर पर घर-परिवार के मामलों में व्यस्त रहनेवाली झारखंड की महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम उठाया है और आंकड़े बताते हैं कि उद्यमशीलता में झारखंड की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही हैं। रिपोर्ट कहती है कि घर की देहरी से बाहर निकल कर दुनिया की रोशनी को अनुभव करने का हुनर झारखंडी महिलाओं में कहीं अधिक है और यही कारण है कि राजनीतिक रूप से भी महिलाओं की पूछ लगातार बढ़ रही है। झारखंड की राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की रिपोर्ट में राज्य की महिलाओं में बढ़ रही आत्मनिर्भरता के सकारात्मक पहलुओं को उजागर किया गया है और स्वाभाविक है कि इस आत्मनिर्भरता का सीधा और सकारात्मक असर राज्य की विकास यात्रा पर पड़ेगा। क्या है झारखंड की महिलाओं की आर्थिक स्थिति और कैसे इसे तेजी से बदल रही हैं हमारी महिलाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड का नाम सुनते ही एक ऐसे पारंपरिक और रूढ़िवादी समाज की छवि उभरती है, जिसमें बदलाव किसी अजनबी की तरह प्रतीत होता है। लेकिन किताबों में झारखंड की यह छवि हकीकत से कोसों दूर है और यह सब संभव हुआ है झारखंड की महिलाओं से। राज्य की महिलाओं, जिनके लिए मंईयां सम्मान योजना लागू कर खासा राजनीतिक विमर्श चला, ने साबित कर दिया है कि वे बदलाव के लिए किसी सरकारी अनुदान या अनुकंपा पर निर्भर नहीं हैं। यह सही है कि मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं की दी जा रही ढाई हजार रुपये प्रति माह की राशि ने उनकी बहुत सी मुश्किलों को कम किया है, लेकिन झारखंडी महिलाओं ने पिछले तीन-चार वर्षों में बदलाव की जो कहानी लिखी है, वह अकल्पनीय है। झारखंड की राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की हाल में जारी रिपोर्ट में राज्य की महिलाओं में उद्यमशीलता और आर्थिक आत्मनिर्भरता की अवधारणा की शानदार तस्वीर प्रस्तुत की गयी है।

### क्या है एसएलबीसी की रिपोर्ट में

एसएलबीसी की रिपोर्ट बताती है कि झारखंड में बैंकों से लोन लेनेवालों में महिलाएं आगे रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि झारखंड में महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिलाओं ने अपने पैरों पर खड़े होने के लिए बैंकों से लोन लेने में भी रुचि दिखायी है। रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में सितंबर 2021 तक महिलाओं ने कुल 11 हजार 740 करोड़ रुपये का लोन लिया था, जबकि सितंबर 2024 में यह आंकड़ा 20 हजार 548 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस आंकड़े से साफ होता है कि झारखंड में महिलाओं द्वारा लोन लेनेवाली राशि 75 फीसदी तक बढ़ गयी। यदि इस वृद्धि को वर्षवार देखा जाये, तो 2021 में यह 11 हजार 740 करोड़ था, जो सितंबर 2022 में 15 हजार 276 करोड़ हो गया। सितंबर 2023 में झारखंड की महिलाओं द्वारा लिये गये लोन की रकम 17 हजार 806 करोड़ थी, जो सितंबर 2024 में 20 हजार 548 करोड़, यानी करीब 15.40 फीसदी अधिक थी।




### रांची की महिलाएं सबसे आगे

रिपोर्ट बताती है कि बैंकों से लोन लेनेवाली महिलाओं में रांची सबसे आगे है। इस साल रांची की महिलाओं ने कुल 1148.23 करोड़ का लोन लिया, जबकि 711.29 करोड़ के साथ पूर्वी जमशेदपुर की महिलाएं दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर धनबाद की महिलाएं हैं, जिन्होंने 479.18 करोड़ का लोन लिया, जबकि 310.75 करोड़ के लोन के साथ बोकारो की महिलाएं चौथे और 263.59 करोड़ के लोन के साथ हजारीबाग की महिलाएं पांचवें स्थान पर हैं। यह आंकड़ा साबित करता है कि झारखंड की महिलाओं में आत्मनिर्भर बनने की ललक बढ़ गयी है और वे झारखंड की विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### पहले भी महिलाओं के लिए हुई है पहल

ऐसा नहीं है कि झारखंड की महिलाओं में आत्मनिर्भर बनने की ललक अचानक पैदा हुई है। पिछले कुछ सालों से झारखंड में महिलाओं को आर्थिक रूप से संबल बनाने की कोशिशें लगातार चल रही हैं। इसमें पलाश की पहल सबसे सफल रही। पलाश ब्रांड से ग्रामीण महिलाओं को जहां एक ओर आजीविका का आधार मिला, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं की ओर से निर्मित और संग्रहित उत्पाद काफी पसंद किये जा रहे हैं। महिलाएं सरसों का तेल, चावल, आटा, दाल, मडुआ का आटा, लेमन ग्रास जैसे उत्पादों से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। सखी मंडल के उत्पादों को राज्य समेत राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित कर महिलाओं को अच्छी आमदनी सुनिश्चित की जा रही है। पलाश ब्रांड की सफलता को देखते हुए लगातार सखी मंडल से जुड़ी दीदियों के सशक्तीकरण की दिशा में कार्य हो रहा है। राज्य के 24 जिलों के 264 प्रखंड के 29 हजार 953 गांवों में करीब 2.78 लाख सखी मंडलों का गठन किया जा चुका है। इससे करीब 32.51 लाख परिवार जुड़े हैं।

### बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के जरिये मिल रही मदद

आंकड़े बताते हैं कि झारखंड के 2.69 लाख सखी मंडलों को 418.31 करोड़ रुपये चक्रिय निधि के रूप में उपलब्ध कराये गये, जबकि 2.44 लाख सखी मंडलों को 1296.42 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में उपलब्ध कराये गये हैं। करीब 2.26 लाख सखी मंडलों को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रूप में मिला है।

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

इसके अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए आजीविका सशक्तीकरण हुनर अभियान के जरिये राज्य के 29 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। इनमें महिलाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखंडों के 3816 गांवों में 3922 उत्पादक समूह और 20 उत्पादक कंपनियों का गठन और संचालन हो रहा है। इसके तहत राज्य के करीब 2.24 लाख परिवारों की आय बढ़ गयी है। महिलाएं इस बदलाव की संवाहक हैं। इतना ही नहीं, राज्य में बैंकिग कॉरेस्पांडेंट, पशु सखी, कृषक मित्र, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत परियोजना क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके लिए करीब 52 हजार सामुदायिक कैडरों को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

महिलाओं के बीच आत्मनिर्भर बनने की यह आकांक्षा झारखंड की विकास यात्रा को नया आयाम दे रही है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा महिलाओं को दी जा रही ढाई हजार रुपये प्रति माह की रकम उनकी कई छोटी-छोटी समस्याओं को हल कर रही है, लेकिन झारखंड की महिलाओं का आर्थिक क्षेत्र में योगदान को कमतर करके नहीं आंका जा सकता।

---

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गठबंधन सरकार पर साधा निशाना

# बिना नियुक्ति दिये 2 लाख से अधिक रिक्त पद हुए गायब : बाबूलाल मरांडी

कहा-राज्य सरकार झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ इस तरह न खेले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि झारखंड में एक अनोखा घोटाला सामने आया है। कहा कि तरह-तरह के भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन ने सरकारी विभागों के रिक्त पदों की संख्या में बड़ा घोटाला कर दिया है। बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि पिछले 2 सालों में रिक्त पदों की संख्या 4.66 लाख से घटकर महज 1.56 लाख रह गयी है। यानी बिना कोई परीक्षा कराये राज्य सरकार युवाओं की 2 लाख 6 हजार की नौकरी खा गयी। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के प्रति कितनी गंभीर है, उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिना नियुक्ति दिये ही 2 लाख से अधिक रिक्त पद गायब हो गये। कहा कि इस अनूठे घोटाले का जवाब न तो राज्य सरकार के पास है न तो अधिकारियों के पास। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस तरह झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ न खेले।

### भ्रष्ट अधिकारियों को इनाम दे रही राज्य सरकार

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आइएएस पूजा सिंघल के बहाने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि झारखंड में एक अजीबोगरीब खेल चल रहा है, जहां प्रशासनिक व्यवस्था रिवॉर्ड एंड पनिशमेंट की अनोखी नीति पर काम कर रही है। इस व्यवस्था में भ्रष्ट अधिकारियों को इनाम दिया जाता है, जबकि इमानदार अधिकारियों को दंडित किया जाता है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में जेल से जमानत पर बाहर आयीं आइएएस अधिकारी को राज्य के एक प्रमुख विभाग की जिम्मेदारी देने की तैयारी कर ली है। यह निर्णय न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य में इमानदारी और पारदर्शिता की कितनी अहमियत है?

# अमित शाह झारखंड के 4 पुलिस अफसरों को करेंगे सम्मानित



बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ किये गये साहसिक संघर्ष के लिए मिलेगा सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ किये गये साहसिक संघर्ष के लिए चार पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार गृह मंत्री अमित शाह के हाथों प्रदान किया जायेगा। इन अधिकारियों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, संघर्ष और नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने इन अधिकारियों के साहस और समर्पण की सराहना करते हुए उनकी कार्यशैली को देश भर के पुलिस बल के लिए एक प्रेरणा बताया।

### सम्मानित होने वाले अधिकारी

**अंजनी अंजन, तत्कालीन एसपी लातेहार**
**गौतम कुमार, अवर निरीक्षक**
**जमील अंसारी, अवर निरीक्षक**
**मनोहर राम, पुलिस जवान**

---

## जेकेएलएम नेता दीपक महतो ने आजसू में की घर वापसी

# हम पूरी तरह से एकजुट हैंः सुदेश महतो

## आजसू सुप्रीमो ने विभाजन और विलय की अफवाहों को खारिज किया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को जेकेएलएम के पूर्व महासचिव दीपक महतो ने पार्टी में वापसी की। उनके साथ उज्ज्वल महतो, उत्कर्ष महतो, शशिभूषण भगत, सोम कुमार, अनिल खेरवार, बिरसा बाड़ा, एस मनोहर खालको सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, परवाज खान और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। पार्टी ने विभाजन और विलय की अफवाहों को खारिज करते हुए झारखंड के विकास, आंदोलन की भावना की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी

जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने रांची के प्रधान कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा, हम पूरी तरह से एकजुट हैं और झारखंड के विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए कृतसंकल्प हैं। हमारा हर कदम राज्य के समग्र हित में होगा। संगठनात्मक सुदृढ़ता, भविष्य की रणनीतियों के निर्धारण को लेकर 27 जनवरी को धनबाद के भटिंडा वॉटरफॉल में आजसू पार्टी की केंद्रीय सभा की वार्षिक बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो करेंगे। इस बैठक में केंद्रीय समिति के सदस्य, विधायक, सांसद, जिला एवं प्रखंड पदाधिकारी, जिला परिषद के अध्यक्ष, सदस्य, और प्रमुख शामिल होंगे।

www.epaper.azadsipahi.in

25 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 98

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### नगर निकाय चुनाव के मुद्दे पर हाइकोर्ट में सुनवाई

# पुराने वोटर लिस्ट का हो इस्तेमाल: चुनाव आयोग

- कोर्ट ने चुनाव आयोग को हलफनामा देने को कहा
- मामले की अगली सुनवाई सात को होगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड में नगर निकाय चुनाव कराने के लिए पुराने वोटर लिस्ट का इस्तेमाल करने को कहा है। आयोग की तरफ से झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को दलील दी गयी कि नवंबर 2024 में तैयार वोटर लिस्ट के आधार पर झारखंड में विधानसभा के चुनाव कराये गये थे। इसलिए उस लिस्ट के आधार पर नगर निकाय चुनाव कराये जा सकते हैं। इस पर हाइकोर्ट ने चुनाव आयोग से सभी तथ्यों को जोड़ते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई अब सात फरवरी को होगी। आयोग की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि हलफनामा तैयार है और जल्द ही दाखिल किया जायेगा।

दरअसल, हाइकोर्ट में शुक्रवार को लंबित नगर निकाय चुनाव के मामले में निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान आयोग से झारखंड को वोटर लिस्ट देने के लिए लगनेवाले समय की जानकारी मांगी थी। उसमें राज्य चुनाव आयोग की ओर से कहा गया था कि अद्यतन वोटर लिस्ट नहीं मिलने के कारण चुनाव कराने में समस्या हो रही है। शुक्रवार को भी यही दलील दोहरायी गयी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा।

## क्या है पूरा मामला

झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर एक मामला हाइकोर्ट में चल रहा है। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार को चार माह के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया था।सरकार ने कोर्ट को ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रहे ट्रिपल टेस्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी थी। उस दिन सरकार की ओर से मुख्य सचिव अलका तिवारी उपस्थित थीं। सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से फिर कहा गया कि ट्रिपल टेस्ट करवा कर चुनाव करायेंगे। इस पर असहमति जताते हुए कोर्ट ने सरकार को तुरंत चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि कई स्थानों पर पिछले पांच वर्षों से चुनाव नहीं हुआ है। यह बहुत गंभीर विषय है। हाइकोर्ट के कड़े रुख को देखते हुए राज्य सरकार ने चार माह में चुनाव कराने की बात कही थी।

### कुल 49 नगर निकाय हैं राज्य में

झारखंड में कुल 49 नगर निकाय हैं। इनमें नौ नगर निगम, 21 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत शामिल हैं। रांची, हजारीबाग, मेदिनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो में नगर निगम, गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम में नगर परिषद और बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया में नगर पंचायत हैं।

### न्यूज रील्स

#### अनंत सिंह ने किया आत्मसमर्पण, गये जेल

मोकामा (आजाद सिपाही)। मोकामा गोलीकांड में पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। पटना पुलिस उनकी गिरफ्तारी की तैयारी में थी। इसके लिए सुबह से ही तैयारी चल रही थी। कई थानों की पुलिस भी अनंत सिंह के गांव में जाने वाली थी। लेकिन उन्होंने सबको चौंकाते हुए बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट के बाहर बाहुबली के समर्थकों की भीड़ उमड़ी थी।

# दुमका के शुभम और रीना को पीएम मोदी करेंगे सम्मानित

- एक सौर ऊर्जा कारोबारी हैं, दूसरी आंगनबाड़ी सेविका
- गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए दोनों दिल्ली गये





आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** जिले के बांडपाड़ा निवासी शुभम गोराई और जरमुंडी प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका रीना कुमारी देवी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय से बुलावा आया है। दोनों इस सम्मान से काफी उत्साहित दिखे और सम्मान प्राप्त करने के लिए गणतंत्र दिवस अतिथि के रूप में शुक्रवार को दिल्ली रवाना हुए।

## क्या कहते हैं शुभम गोराई

शुभम गोराई को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सफल प्रशिक्षु के रूप में प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय समारोह में बतौर अतिथि आमंत्रित किया है। शुभम ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपना करियर शुरू किया है। वह दुमका के बांधपाड़ा मोहल्ले के रहने वाले हैं। शुभम बताते हैं कि बीते साल अप्रैल में ही उन्होंने दुमका के आदित्य नारायण कॉलेज से स्नातक किया है। उसके बाद उन्होंने सौर ऊर्जा प्रणालियों की योजना बनाने, डिजाइन करने और विश्लेषण करने में एक वर्ष का अनुभव प्राप्त किया है।

सौर ऊर्जा परियोजना प्रबंधन में उन्होंने खुद को सिद्ध किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री सौर घर योजना के तहत कारोबार शुरू किया और आज वह अपनी अलग पहचान रखते हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया।

## क्या कहती हैं रीना देवी

दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड के खरसुंडी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका रीना देवी को उनके अच्छे काम के लिए प्रधानमंत्री के यहां से दिल्ली से बुलावा आया है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है, मेरे काम को बड़ा सम्मान है और मेरे उस क्षेत्र का बड़ा सम्मान है, जहां मैं काम करती हूं।

रीना देवी कहती हैं कि मैंने हमेशा यह कोशिश की है कि आंगनबाड़ी सेविका के रूप में जो मेरा दायित्व है, उसको मैं ठीक-ठाक पूरा करूं। रीना देवी ने कहा कि मैंने समर्पित भाव से काम किया है। उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र में कोई बच्चा, कोई गर्भवती या कोई धात्री महिला टीकाकरण या पोषण से वंचित नहीं रहे, इसके लिए मैंने दिन-रात मेहनत की है। उसी का परिणाम है कि आज मुझे यह बड़ा सम्मान मिला है।






आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 25 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# हाइ एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर फोकस : शिल्पी नेहा तिर्की

**कृषि मंत्री ने किया भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान का दौरा**

**संस्थान की ओर से उन्नत कृषि के लिए किये जा रहे शोध से हुईं प्रभावित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** झारखंड में कृषि विभाग हाइ एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर फोकस करेगा। इसका उद्देश्य उन्नत कृषि के साथ-साथ किसानों की आय को बढ़ाना है। इसके लिए विभाग कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थित भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आइआइएचआर) के शोध का अनुशरण करेगी। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को बेगलुरु में भारतीय बागवानी अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि के क्षेत्र में समय के साथ आये बदलाव और बदलते फसल की जानकारी ली। संस्थान के द्वारा कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे शोध से भी मंत्री अवगत हुईं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि संस्थान बागवानी के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। इसके साथ ही किसानों के उत्पाद के सही बाजार पर भी संस्थान अपना बेहतर नजरिया है। किसानों को बाजार से जोड़ना उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना आज सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्थान की अच्छाइयों को राज्य के किसानों के हित में अपनाया जायेगा। झारखंड हमेशा से ही पारंपरिक खेती करने वाला राज्य रहा है, लेकिन अब आवश्यकता हाइ एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट को अपनाने का, ताकि किसानों के जीवन में भी बड़ा बदलाव लाया जा सके। संस्थान के परिसर में मंत्री ने उन्नत कृषि के लिए अपनायी जा रही नयी तकनीक, क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला, हाइ एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट की खेती से संबंधित जानकारी ली। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अबू बकर सिद्दीकी, विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी सहित दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### सदान विकास परिषद केंद्रीय समिति की बैठक, सदस्यों ने कहा

# पेसा कानून का जोरदार विरोध किया जायेगा

**झारखंड को छठी अनुसूची में शामिल करने का जोरदार विरोध किया**

**गैर आदिवासी सदान अपने मौलिक अधिकार के लिए आंदोलन करेंगे**

**सदानों को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिले : हिमांशु नाथ राय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदान विकास परिषद केंद्रीय समिति की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय डिप्टी पाड़ा में परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर पांडेय हिमांशु नाथ राय के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सभी प्रमंडल के सदस्यों ने एक स्वर से कहा राज्य में निवास करने वाले 80% सदान को मौलिक अधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र हो रहा है। जिस जगह सदानों की आबादी अधिक है उस क्षेत्र को भी जनसंख्या के आधार पर नहीं तय कर सरकार ने जबरदस्ती झारखंड में निवास करने वाले बहुसंख्यक सदान के मौलिक अधिकार से वंचित कर झारखंड राज्य के 13 जिलों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है। जो किसी भी नियम के अनुसार अनुकूल नहीं है। परिषद ने कहा है कि जिनकी जो जनसंख्या है उसके अनुरूप ही उनको आरक्षण मिले। राज्य में निवास करने वाले 80% सदानों का भी मौलिक अधिकार का हनन नहीं होना चाहिए। शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय डिप्टी पाड़ा रांची में बैठक कर सभी ने एक स्वर से कहा है कि पेसा कानून का जोरदार विरोध किया जायेगा। इसके साथ ही झारखंड को छठी अनुसूची में शामिल करने का जोरदार विरोध किया है और कहा है कि राज्य के गैर आदिवासी सदान एक मंच पर आकर अपने मौलिक अधिकार के लिए आंदोलन करेगा।

सदान विकास परिषद की अगली बैठक 5 जनवरी 2025 को केंद्रीय कार्यालय रांची में होगी। इस बैठक में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे और आगे की रणनीति तय की जायेगी। झारखंड राज्य के 13 जिलों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है जो न्याय संगत नहीं है।

परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर पांडेय हिमांशु नाथ राय ने कहा कि हम आदिवासी के विरोधी नहीं हैं लेकिन झारखंड राज्य में निवास करने वाले 80% सदान का भी मौलिक अधिकार का हनन बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार को भी राज्य में निवास करने वाले सदानो के प्रति संवेदना होनी चाहिए। बैठक में परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष परिषद प्रोफेसर पांडेय हिमांशु नाथ राय, अरुण कश्यप, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, विजय महतो, अब्दुल खालिक, लालचंद महतो, महेश्वर प्रसाद, उपेंद्र नारायण सिंह, राधे श्याम वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम



**रांची में एनएसएस विंग्स की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को वाइबीएन विश्वविद्यालय सभागार में बड़े धूमधाम से राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वाइबीएन विश्वविद्यालय के उप कुलाधिपति रामजी यादव ने किया। उन्होंने बताया कि यत्र नारी पूज्यंते रमंते तत्र देवता। साथ ही बालिकाओं को महिमा मंडित करते हुए अपने व्याख्यान दिये। इस अफसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आइसेट विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ प्रोफेसर अजीत कुमार नायक उपस्थित थे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में संस्था की अध्यक्ष अंजू यादव, अपनी तीनों पुत्रियों अंकिता, हर्षिता, मधुमिता के साथ सभागार में उपस्थित थीं। इस अवसर पर वाइबीएन विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों के बालिकाओं के द्वारा नाटक की प्रस्तुति की गयी। उसके बाद सभी बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी यादव, कुलसचिव रमण दुबे उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने किया।

## सीएम हेमंत सोरेन दुमका में फहरायेंगे तिरंगा



रांची (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका के पुलिस लाइन मैदान में झंडोत्तोलन करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मुख्यमंत्री 25 जनवरी की शाम दुमका पहुंचेंगे और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहरायेंगे। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त फोर्स उपलब्ध कराये गये हैं। इस अवसर पर आयोजित परेड में 14 प्लाटून भाग लेंगे, जिसमें झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), आइआरबी के साथ प्रमंडल के सभी जिलों के पुलिस बल के अलावा एनसीसी कैडट शामिल होंगे। परेड को प्रशिक्षु आइपीएस डॉ सैयद मुस्तफा हाशमी कमांड करेंगे।

## विद्यार्थियों के विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ तपन शांडिल्य



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वारा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इस अवसर पर बीएड विभाग के शिक्षक डॉ अरविंद कुमार मौर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शुक्रवार की इस प्रतियोगिता में सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में रोहित शमद और महिला वर्ग में रिया कुमारी विजेता रहे। गोला फेंक प्रतियोगिता में रोहित और शाइस्ता सफल रहे। रस्साकशी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा ग्रुप प्रथम और महात्मा गांधी ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, सर्वोत्तम कुमार, बीएड विभाग के खेल विभाग के शिक्षक मनीष कुमार, डॉ अरविंद मौर्य, पीटीआइ परमेश्वर महतोपर समेत बीएड विभाग के सभी शिक्षक मौजूद रहे। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## 2024 बैच के आइएएस प्रशिक्षु अधिकारियों ने सीएमपीडीआइ का दौरा किया




रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के 2024 बैच के 16 प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने पेशेवर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम चरण के हिस्से के रूप में शुक्रवार को सीएमपीडीआइ के भूविज्ञान संग्रहालय का दौरा किया और (मुख्यालय), रांची में सीएमपीडीआइ टीम के साथ बातचीत भी की। इंटरएक्टिव सत्र में, भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्र के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में सीएमपीडीआइ और कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा निभायी गयी। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे, संस्थान के अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का समाधान किया।

## डॉ राजीव रंजन ने सीपी सिंह को पुस्तक भेंट की



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के विधायक एवं पूर्व शहरी विकास मंत्री सीपी सिंह को डीएसपीएमयू के रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने स्वलिखित पुस्तक 'टेक्स्ट बुक ऑन प्रैक्टिकल इन्वायरमेंटल केमिस्ट्री' भेंट की। पुस्तक की सराहना करते हुए विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण मंत्रालय को ऐसी अकादमिक पुस्तकों को अधिक से अधिक प्रोमोट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा में भी इन्वायरमेंटल केमिस्ट्री (पर्यावरण रसायन विज्ञान) को एक अनिवार्य विषय के तौर पर शामिल किया जाना चाहिए। पुस्तक के लेखक और रसायनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने पुस्तक की चर्चा करते हुए कहा कि पुस्तक की स्पष्ट और सरल व्याख्याएं जटिल प्रयोगों को भी आसान बनाती हैं।

## एससी/एसटी कर्मचारियों ने कुलपति का घेराव किया



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के एससी/एसटी कर्मचारियों ने शुक्रवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार उप-निदेशक, उच्च और तकनीकि शिक्षा विभाग अनमोल लाल के विरोध में कुलपति का घेराव किया। साथ ही अनमोल लाल को उनके मूल पद पर वापस लाने की मांग की गयी। कर्मियों ने कहा कि सरकार को इस विषय पर संज्ञान लेना चाहिए और एससी/एसटी कर्मचारियों का वेतन निर्धारण जल्द से जल्द कराकर विश्वविद्यालय को भेजा जाये एवं अनमोल लाल को उनके मूल स्थान पर तुरंत वापस बुलाया जाये। घेराव का नेतृत्व रोहित कच्छप, कर्मवीर उरांव, सुनील पासवान, सूरज बाल्मिकी, महेश राम, राम बैठा, जितेंद्र नायक, अजीत बैठा एवं मुन्ना उरांव ने किया। यह जानकारी रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री अर्जुन कुमार ने दी।

## बैंक ऑफ इंडिया की मेगा इ-नीलामी

रांची (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया ने 27 जनवरी 2025 को पूरे भारत में 1300+ आवासीय संपत्तियों के लिए विशेष मेगा इ-नीलामी का आयोजन करने की घोषणा की है। यह नीलामी घर खरीदारों के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगी, जिसमें वे अपने सपनों का घर खरीद सकते हैं। बैंक अपने स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों की पेशकश कर रहा है, जो घर खरीदारों के लिए सर्वोत्तम स्थान और सर्वोत्तम मूल्य पर उपलब्ध हैं। इन संपत्तियों में फ्लैट, प्लॉट, और अन्य आवासीय इकाइयां शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति/बोलीदाता (उपलब्ध लिंक) पर जा सकते हैं और अपना पंजीकरण करा सकते हैं। नीलामी प्रक्रिया में किसी भी सहायता के लिए, बैंक की हेल्पलाइन 8291220220 पर संपर्क कर सकते हैं या निकटतम बैंक ऑफ इंडिया शाखा पर जाकर जानकारी ले सकते हैं।

# एसबीयू में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 'भारतीय संविधान की आत्मा इसकी प्रस्तावना में बसती है। पूर्व में अनेकानेक उदाहरणों और न्यायिक फैसलों में इसकी महत्ता भी उजागर हुई है।' यह बातें झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक ने कहीं। वे शुक्रवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'प्रस्तावना--भारतीय संविधान का सार' विषय पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने विचारों को रख रहे थे। उन्होंने प्रस्तावना को भारतीय लोकतंत्र के स्थायित्व एवं शासन एवं समानता आधारित समाज के लिए आवश्यक करार दिया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें इसका सदुपयोग महज कोर्ट रूम में ही नहीं, बल्कि दैनंदिन जीवन में भी करना चाहिए।

कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के निखार में एक अच्छे वक्ता के योगदान की चर्चा की। उन्होंने न्यायाधीश का परिचय उपस्थित श्रोताओं से करवाते हुए न्यायिक क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा। कुलपति प्रो सी जगनाथन ने धन्यवाद देते हुए न्यायिक प्रक्रिया के शीघ्र निष्पादन में जस्टिस पाठक के योगदान की चर्चा की।

इस अवसर पर डॉ सुभानी बाड़ा, डॉ नीलिमा पाठक, एस डांडीन, डीन इंचार्ज कोमल गुप्ता, डॉ आरके सिंह, श्वेता सिन्हा, राजीव रंजन, डॉ आलोक कुमार, डॉ पूजा प्रेरणा, रश्मि सहाय एवं विवि के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# राष्ट्रीय पुस्तक मेला में विनय निरंजन की पुस्तक 'नछत्तर' का लोकार्पण

**बस दो दिन और होगी किताबों से मुलाकात**

**राष्ट्रीय पुस्तक मेला में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया, नयी दिल्ली एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में जारी 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला में विनय निरंजन की पुस्तक नछत्तर का लोकार्पण बरकट्ठा (हजारीबाग) के विधायक अमित कुमार यादव ने किया। पुस्तक मेला परिसर में श्री यादव का स्वागत समय इंडिया के प्रबंध न्यासी और राष्ट्रीय पुस्तक मेला आयोजक चंद्र भूषण ने किया। नछत्तर उपन्यास की चर्चा में भाग ले रहे साहित्यकारों ने उपन्यास की कथावस्तु और उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि यह उपन्यास 1992 के हिंदू-मुस्लिम दंगों को केंद्र में रखकर लिखा गया है। इसकी कथावस्तु लाहौर और कानपुर के बीच की है। उपन्यास का शिल्प कथासूत्र को जोड़े रखने में समर्थ है। यह कृति विनय रंजन की दूसरी पुस्तक है। पहली पुस्तक भी उपन्यास के रूप में पाठकों के समक्ष आयी जिसका शीर्षक अमरगीत नेस्ट था। श्री रंजन लेखन के साथ-साथ डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। लोकार्पण समारोह में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, झारखंड सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद शांडिल्य, दिलीप वर्णवाल, संतोष रंजन, रेखा देवी, प्रभात कुमार उपस्थित रहे। संतोष कुमार रंजन ने लेखक को शुभकामना दी। कुशल संचालन अशोक कुमार प्रमाणिक ने और धन्यवाद ज्ञापन दिलीप कुमार वर्णवाल ने किया। इस अवसर पर रेखा देवी, प्रभात कुमार, नमिता चंद्रा, स्वाति चंद्रा, अमन सागर आदि उपस्थित रहे। साथ ही, फादर डॉ. फ्लोरेंस पूरती, ओम प्रकाश आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एकल नाट्य प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सनातन धर्म की शिक्षिका बनकर अंशिका पोद्दार ने अपनी नाट्य प्रस्तुति दी। अंश पोद्दार ने भगवत गीता के शिक्षक की भूमिका निभाई और सुंदर श्लोक का वाचन किया। वस्प जिया और अय्यत जिया ने प्रश्नोत्तरी नाट्य प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं को हंसाया। मिशन पहल की तरफ से बच्चों के द्वारा सामूहिक नाट्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें आयु, आदित्य अर्व, अभी, पीहू, अनुष्का, सृष्टि, नंदिनी माधवी, रितिका, लक्ष्मी, निमृत, माया दीपिका, रिया, नैना, आदित्य, बिपाशा आदि बच्चों ने हिस्सा लिया।

## जैन धर्म के धार्मिक स्थल पारसनाथ पहाड़ मामले में हुई सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। जैन धर्म के प्रमुख धार्मिक स्थल पारसनाथ पहाड़ को जैन धर्म धर्मावलंबियों की भावनाओं के अनुरूप रखने को लेकर जैन संस्था ज्योत की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से मौखिक रूप से कहा है कि किसी की धार्मिक भावना को ठेस लगना एक गंभीर मामला है। धार्मिक स्थलों को श्रद्धालुओं के लिए संरक्षित रखना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विगत कई वर्षों से पारसनाथ पहाड़ जो जैन धर्म का धार्मिक स्थल है वहां शराब एवं मांस बिक्री, अतिक्रमण जैसे कार्य हो रहे हैं, लोग यहां पिकनिक मनाने भी आते हैं। राज्य सरकार इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

# केंद्र सरकार से झारखंड को मिली राशि का समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र दें: मुख्य सचिव

**स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआइ) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं।

**केंद्र सरकार की ओर से 5225 करोड़ का आवंटन :** समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है। बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआइ के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है। बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआइ के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव श्री राहुल पुरवार, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, परिवहन सचिव कृपानंद झा, खान सचिव जितेंद्र सिंह, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## रिपब्लिक डे स्पेशल का आयोजन 26 को




रांची (आजाद सिपाही)। एक्वा वर्ल्ड के द्वारा 26 जनवरी को अपराह्न तीन से विपुल नायक के दीपांजलि ग्रुप के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम रिपब्लिक डे स्पेशल का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों पर आधारित डांस शो होगा। देशभक्ति गीतों पर ही आधारित डांस कंपटीशन का भी आयोजन होगा। बच्चों के लिए भारतीय पारंपरिक पोशाक में फैशन शो का भी आयोजन होगा। देश भक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। यह जानकारी कार्यक्रम समन्वयक लोकेश चौधरी ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# कांग्रेस ने भारत में पूर्ण लोकतंत्र कभी लागू नहीं होने दिया : अर्जुन मुंडा

**भारत का संविधान शब्दों का संग्रह नहीं बल्कि धर्मग्रंथ है, जिस पर भारतीयों को गर्व है, अभिमान है**

**विकसित दलित, विकसित आदिवासी, विकसित पिछड़ा से ही विकसित भारत का स्वप्न होगा साकार, मोदी सरकार इस दिशा में अग्रसर : गुरुप्रकाश पासवान**

**भाजपा रांची महानगर ने संविधान गौरव अभियान पर गोष्ठी का आयोजन किया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा रांची महानगर ने संविधान गौरव अभियान के तहत शुक्रवार को रांची में गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने अभियान के उद्देश्यों एवं कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आजादी के अमृत वर्ष में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि हमारा संविधान केवल शब्दों, धाराओं और अनुच्छेदों का संग्रह नहीं बल्कि एक धर्म ग्रंथ है जिस पर सभी भारत वासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि जनसंघ और भाजपा की स्थापना ही देश में संविधान को लागू करने के लिए हुआ। एक विधान, एक निशान के नारों के साथ हमारे प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हुआ। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विगत लोकसभा चुनाव के समय से संविधान की पुस्तक लेकर घूम रहे। उन्हें पता चल गया है कि भाजपा संविधान की धाराओं को उसकी मूल भावनाओं को तेजी से धरातल पर उतार रही। कांग्रेस के मंसूबों को उजागर कर रही इससे कांग्रेस का सफाया तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को गैर कांग्रेसी सरकारों से चिढ़ है। आज वे देश की सत्ता से, विभिन्न राज्यों से हार रहे फिर भी वे 1952 वाला अधिकार चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच को ही 2019 में दुबारा सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर जमीन पर उतरा। कांग्रेस पार्टी को संविधान के लागू होने संबंधी एक नोटिफिकेशन करने में तीन दशक लग गये थे। जनता को 6 बार कांग्रेस की सरकार चुननी पड़ी। कांग्रेस पार्टी को दलित आदिवासी की चिंता नहीं अपने अस्तित्व की चिंता है। कांग्रेस पार्टी दलितों, आदिवासियों को सिर्फ हथियार बनाकर रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि संविधान की बात करने वालों ने शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एक महिला को उसके हक से वंचित किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचारों से जयपाल सिंह मुंडा जी की असहमति रहती थी जबकि वे डॉ अंबेडकर के विचारों से पूरी तरह सहमत होते थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को पूरे देश की चिंता थी। उन्हें पता था कि एक वर्ग के पिछड़ने से पूरा देश पिछड़ता है। इसीलिए उन्होंने ने संविधान में प्रावधान किये, लेकिन कांग्रेस पार्टी को सभी वर्गों की चिंता नहीं। उसे केवल अपनी सरकार की चिंता हुई। आज नरेंद्र मोदी की सरकार में आदिवासी, दलित पिछड़े विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे। कांग्रेस को भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं। कांग्रेस की सरकार ने आजाद भारत में रामलला की मूर्ति गर्भगृह से हटाने का प्रयास किया। जहां मोदी सरकार में भव्य मंदिर आकर ले रहा। रामलला विराजमान हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश में लोकतंत्र कभी लागू नहीं होने दिया।

**डॉ अंबेडकर से जुड़े स्थलों को पर्यटन स्थल नहीं बल्कि पंचतीर्थ विकसित किया**

राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज अंबेडकर जी के विरासत की दावेदारी कर रही जिसने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को जिंदा में भी परेशान किया, अपमानित किया और मरणोपरांत भी अपमानित किया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान 144 करोड़ देशवासियों की श्रद्धा है जिसे कांग्रेस ने लगातार अपमानित किया। प्रस्तावना को छिन्न-भिन्न कर दिया। स्व राजीव गांधी जी ने मंडल कमीशन का विरोध किया, आज राहुल गांधी विदेश की धरती पर आरक्षण का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि जबतक भाजपा है आरक्षण को समाप्त करने की हिम्मत किसी में नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से भाजपा को सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। जनता सर्टिफिकेट दे रही। आज हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो रहा। आज भाजपा सरकार दलित आदिवासी पिछड़े के विकास को समर्पित है। कई राज्यों में भाजपा ने आदिवासी दलित पिछड़े समाज को मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री बनाया है। भाजपा की सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में अंबेडकर जी से जुड़े स्थलों को पर्यटन स्थल नहीं बल्कि पंचतीर्थ विकसित किया। भाजपा सरकार अब मंदिर संचालन समिति में भी दलितों को स्थान दे रही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल सामाजिक छुआछूत ही नहीं आर्थिक छुआछूत को भी समाप्त करने की दिशा में कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वरुण साहू ने की। वरुण साहू ने विषय प्रवेश करते हुए अतिथियों का स्वागत किया और संविधान दिवस एवं कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधायक नवीन जयसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राकेश भास्कर, विधायक राज सिन्हा, पूर्व विधायक समरी लाल मंच पर उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र वर्मा, धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष राजू सिंह ने किया। स्वागत करने वालों में अनीता वर्मा, विनय सिंह, सुरेश प्रसाद, बाल्साय महतो, रवि मुंडा अश्विनी शिकुजा ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, रामचंद्र केसरी, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, के-के गुप्ता, रमेश सिंह, बसंत दास, संजय जायसवाल, कमाल खान, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, अरविंद सिंह, रामलगण राम, उपेंद्र रजक, जैलेंद्र कुमार, नीरज पासवान, दीपक रवि, राजू रजक, गोविंद वाल्मीकि, प्रदीप रवि, राकेश राम, राकेश रवि, अंजय शाहदेव, राजश्री जयंती, ऊषा पांडेय, माया सिंह सिसोदिया, निशि जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

**निविदा सूचना संख्या: ई-निविदा/2025/02।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 के मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग) निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित मदों के सामने उल्लिखित तिथि से पहले **15:00 बजे** तक निविदाएं जमा की जानी चाहिए और उन्हें **15:30 बजे** खोला जाएगा: **क्र.सं.; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना राशि; निविदा खोलने की तिथि; कार्य की पूर्णता अवधि:** (1) **ई-केजीपी-साउथ-01-2025;** खड़गपुर-भद्रक खंड के तहत एडीईएन/बालासोर के अंतर्गत 3410 मीटर बैंक में सुधार और कंक्रीट कैनवास नाली का प्रावधान; **₹9,70,99,617.29;** ₹6,35,500.00; 11/02/2025; 18 माह; (2) **ई-केजीपी-एचक्यू-04-2025;** एडीईएन / तमलुक के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले पांशकुड़ा-हल्दिया खंड में 24.788 ट्रैक किलोमीटर (पैचों में) का थ्रू बैलास्ट नवीकरण; **₹1,91,27,972.68;** ₹2,45,600.00; 11/02/2025; 08 महीने; (3) **ई-केजीपी-साउथ-02-2025;** एडीईएन / बालासेर के अंतर्गत रुपसा-रानीताल खंड में 28.789 ट्रैक किलोमीटर का थ्रू फिटिंग्स नवीकरण (टीएफआर) कार्य का निष्पादन; **₹77,15,959.85;** ₹1,54,300.00; 13/02/2025; 12 महीने; (4) **ई-केजीपी-साउथ-04-2025;** खड़गपुर मंडल के खड़गपुर-रुपसा खंड में एडीईएन (साउथ)/ खड़गपुर के अंतर्गत (6वीं कॉल) 10 मौजूदा पाईप ब्रिजों का प्रतिस्थापन; **₹4,82,92,883.82;** ₹3,91,500.00; 13/02/2025; 12 महीने; (5) **ई-केजीपी-साउथ-03-2025;** वरिष्ठ डीईएन (साउथ)/खड़गपुर के अंतर्गत खड़गपुर-भद्रक खंड में 5.474 ट्रैक किलोमीटर का संपूर्ण ट्रैक नवीकरण (द्वितीयक) (सीटीआरएस) कार्य का निष्पादन; **₹1,32,16,887.12;** ₹2,16,100.00; 18/02/2025; 12 महीने; (6) **ई-केजीपी-साउथ-05-2025;** वरिष्ठ डीईएन (साउथ)/ खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर-भद्रक खंड में 59.820 ट्रैक किलोमीटर और 10 पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग्स का थ्रू बैलास्ट नवीकरण (टीबीआर) कार्य का निष्पादन; **₹5,71,22,766.29;** ₹4,35,600.00; 18/02/2025; 12 महीने; **निविदा दस्तावेज की लागत संख्या:** ₹0.00; **निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि: क्रमांक 1** के लिए: **28/01/2025** से **11/02/2025** को **15:00 बजे** तक; **क्रमांक 2** के लिए: **17/01/2025** से **11/02/2025** को **15:00 बजे** तक; **क्रमांक 3 और 4** के लिए: **30/01/2025** से **13/02/2025** को **15:00 बजे** तक; **क्रमांक 5 और 6** के लिए: **04/02/2025** से **18/02/2025** को **15:00 बजे** तक। इच्छुक निविदाकार **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाकर निविदाओं की पूरी जानकारी/विवरण/विशेषताएँ देख सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी स्थिति में मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** पर विजिट करते रहें।
(PR-1054)

## पंचायत भवन में ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। नामकुम प्रखंड अंतर्गत सोदाग पंचायत भवन में शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया तुपुदाना शाखा का ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की एवं तुपुदाना शाखा प्रबंधक के द्वारा किया गया। ग्राहक सेवा केंद्र के फिनमैप सोल्यूशन कंपनी एजेंसी के सौजन्य द्वारा किया गया। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अबीद अंसारी है। इससे पूर्व पैसा की निकासी एवं जमा के लिए तुपुदाना जाना पड़ता था, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ये सुविधा पंचायत भवन में होने से पंचायत वासियों को काफी सुविधा एवं समय की बचत होगी। ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से लोगों में काफी खुशी का माहौल है। साथ ही बैंक प्रबंधक द्वारा कृषि ऋण के सही संचालन के संबंध में ग्रामीणों को जानकारियां दी गयी। इस मौके पर राची जोन के एलडीएम, पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की, उपमुखिया अल्बर्ट तिग्गा, बैंक ऑफ इंडिया तुपुदाना शाखा प्रबंधक अभिजीत टंडन, बैंक कर्मचारी सुमीत कुमार, एजेंसी के अधिकारी सुरुज कुमार, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अबीद अंसारी, ग्राम प्रधान जोसेफ तिडू, मंजुर अंसारी, वार्ड सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंडरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मी ज्वेलर्स में 1.25 लाख की चोरी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के पिस्का मोड़ स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक अशोक प्रसाद की दुकान में शुक्रवार को चोरी हो गयी। शुक्रवार की शाम 5:30 बजे एक महिला ग्राहक लगभग 50-55 वर्ष ज्वेलरी लेने आयी। उसने बिंदी, चांदी के चैन खरीदने के बाद चांदी का पायल दिखाने को बोली और मैंने उसे चांदी के पायल के 2.5 केजी वजन का बंडल दिया। उसके बाद उसने हाथ का ब्रेशलेट दिखाने के लिए बोली और जब दुकानदार अशोक प्रसाद उसे निकालने गया। तब तक वह महिला अपने शॉल में चांदी की पायल का बंडल था। उसको ले कर निकल गयी। जब दुकानदार ब्रेशलेट ले कर आया तो वह दुकान से गयब हो चुकी थी। आभूषण की कीमत लगभग 1.25 लाख होगी।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का धन्यवाद कार्यक्रम संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के रांची जिला संगठन ने नामकुम में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष कर्नल एआर अखोरी ने भारत माता के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद, अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स संघ के प्रदेश प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी भी पूर्व नहीं होता है, वह जीवन के अंतिम समय तक राष्ट्र हित पर काम करता रहता है। उन्होंने सैनिकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संत मिखाइल स्कूल के बच्चों ने गीत, संगीत और नृत्य का प्रस्तुति दिया। इसके अलावा, परिषद ने बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेंसिल और पठन सामग्री भेंट की। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद की टीम ने किया था। मंच संचालन सूबेदार अरुण झा और स्वागत सूबेदार ललन ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में कई सैन्य अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## अजय लुहाच इडी रांची जोन के संयुक्त निदेशक नियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। अजय लुहाच को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के रांची जोन के संयुक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा की गयी है, जिन्होंने प्रवर्तन निदेशालय में प्रवर्तन के अतिरिक्त निदेशक के रूप में कई अन्य अधिकारियों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है। इन अधिकारियों की नियुक्ति चार वर्ष की अवधि के लिए की गयी है, जो 27 जनवरी, 2027 तक प्रभावी रहेगी।

## उमाशंकर अकेला ने फिर थामा कांग्रेस का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने एक बार फिर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उन्हें पार्टी में शामिल कराते हुए माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उमाशंकर अकेला ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति दिनभर भटकने के बाद शाम को अपने घर वापस आ जाता है, तो उसे भूला नहीं कहा जा सकता। दरअसल झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के पैतृक गांव नन्हीडीह में कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में गुलाम अहमद मीर और केशव महतो कमलेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## कांग्रेस बताये उमाशंकर अकेला को वापस पार्टी में लेने के लिए क्या डील हुई : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को स्पष्ट करना चाहिए कि उमाशंकर अकेला को वापस पार्टी में शामिल करने में क्या डील हुई है? जब उमाशंकर अकेला का कांग्रेस ने बरही विधानसभा से पिछले चुनाव में टिकट काटा था, तो अकेला ने इन बड़े नेताओं पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था। अकेला ने 25 अक्टूबर, 2024 को कहा था कि कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को 2 करोड़ रुपये घूस नहीं देने के कारण उनका टिकट काटा गया। उस समय कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा था कि उमाशंकर अकेला पर लीगल एक्शन होगा। बाद में उन्हें पूरे सम्मान के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में पार्टी ने वापस शामिल कर लिया गया। ये वापसी कई प्रश्नों को जन्म देती है।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/Track-III/MC/2 नई दिल्ली, दिनांक 24.01.2025

शुद्धिपत्र क्रमांक 1

विषय : ई–निविदा क्रमांक. टीएम–2401 रेल निरीक्षण वाहन की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए

विषय निविदा की अंतिम तिथि 30.01.2025 (गुरुवार 15:00 बजे) को 18.03.2025 (मंगलवार 15:00 बजे) तक स्थगित कर दी गई है।

विषय निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(अनुराग कुमार)
निदेशक रेलपथ आधुनिकीकरण
रेलवे बोर्ड
दूरभाष 011–47845530
ई मेल: anurag.irse05@gov.in

268/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### झारखंड में सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र का नवीनीकरण

## किसानों और सहकारी समितियों को मिलेगी सुविधा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के सहकारिता विभाग ने राज्य में सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र का नवीनीकरण किया है। इसमें किसानों और सहकारी समितियों के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस केंद्र में 80-80 क्षमता का 04 स्मार्ट क्लास रूम, सम्मेलन कक्ष, कंप्यूटर लैब, 120 प्रशिक्षुकों के लिए हॉस्टल, गेस्ट हाउस और फैकल्टी आवास निर्मित है। इसके अलावा, सोलर सिस्टम लगाया गया है ताकि निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सके। इस केंद्र में लैंपस/पैक्स, विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के अलावे सहकारिता विभाग के फेडरेशन के पदाधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए विभाग के वरीय पदाधिकारी, नाबार्ड के पदाधिकारी, अंकेक्षक और अन्य विभागों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जायेगा।

वर्तमान में, 16 जिलों के लैंपस/पैक्स के पदाधिकारियों और लाह उत्पादक किसानों का प्रशिक्षण चल रहा है। इस केंद्र का उद्देश्य किसानों और सहकारी समितियों को सशक्त बनाना है ताकि वे अपने कार्यों में अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकें।

## झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को करना होगा मजबूत: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी के दूसरे स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा, खासकर गांवों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था की जरूरत है। झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को सही करने के लिए रिक्रूटमेंट पॉलिसी को ठीक करना होगा। जिसे लेकर हम काम भी कर रहे हैं।

**अब तक स्थायी परिसर नहीं मिला :** झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस चांचलर



टीएन साहू ने कहा कि झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी को अभी तक अपना स्थायी परिसर नहीं मिला है। ओपन यूनिवर्सिटी की जानकारी अभी भी कई लोगों तक नहीं पहुंच पायी है। झारखंड में अभ्यर्थी और टीचर्स पेरेंट्स के बीच कम्युनिकेशन गैप काफी ज्यादा है।

**इन्वेस्ट करने की है जरूरत :** सीइएमसीए के निदेशक डॉ बी शादरच ने कहा कि झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी को सपोर्ट और इन्वेस्ट करने की जरूरत है। ओपन यूनिवर्सिटी को ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए बढ़ावा देने की जरूरत है। ओपन यूनिवर्सिटी दूरस्थ इलाके तक पहुंच सकती है और शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूत कर सकती है। इस मौके पर कुल सचिव डॉ घनश्याम सिंह, कुलपति डीएसपीएमयू रांची के प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य उपस्थित थे।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–22012025–260364
CG-DL-E-22012025-260364

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 336] नई दिल्ली, सोमवार, जनवरी 20, 2025/पौष 30, 1946
No. 336] NEW DELHI, MONDAY, JANUARY 20, 2025/PAUSHA 30, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 20 जनवरी, 2025

**का.आ. 338(अ)** – केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ **2561 तारीख 02/07/2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखण्ड राज्य के गढ़वा जिले के गांवों में अर्थात् रमना अंचल अंतर्गत कबीसा, मड़वनिआँ, बघोंघ उर्फ रमना एवं करचा तथा नगर उंटारी अंचल अंतर्गत हलवन्ता कलां, जतपुरा, पहलेकलां एवं नरही, NH 75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (डी.एल.ए.ओ., गढ़वा) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"13.07.2024"** को **"आजाद सिपाही"** और **"टाइम्स ऑफ इंडिया"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के अंतर्गत कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (डी.एल.ए.ओ., गढ़वा) के गाँवों में अर्थात् रमना अंचल अन्तर्गत कबीसा, मड़वनिआँ, बघोंघ उर्फ रमना एवं करचा तथा नगर उंटारी अंचल अंतर्गत हलवन्ता कलां, जतपुरा, पहलेकलां एवं नरही जिला–गढ़वा, राज्य–झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण**

जिला : गढ़वा
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 20/01/2025

फा. सं. : NHAI/PIU/RNC/NH-75/Section-V(LA)/3D
अभय जैन, निदेशक

https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=57801&file_id=29343
https://egazette.gov.in/(S(rcpkdhb5uleufdiogeilxks0))/ViewPDF.aspx

# जीवन की गरिमा सुरक्षित रहनी चाहिए

असम में विदेशी नागरिकों को लंबे समय से डिटेंशन सेंटर में रखे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी कई लिहाज से अहम है। इस मामले में राज्य सरकार का जो रुख सामने आया है, उससे ऐसा लगता है कि वह इन विदेशी नागरिकों के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों को लेकर पर्याप्त गंभीर नहीं है।

**अधिकारों का सवाल :** सुप्रीम कोर्ट के पास आये इसी मामले की बात करें, तो 270 लोगों को असम के डिटेंशन सेंटर्स और ट्रांजिट कैंपों में लंबे समय से रखा जा रहा है। अदालत के सामने आए तथ्यों के मुताबिक, इनमें से कुछ लोगों को तो वहां रहते हुए 10 साल हो चुके हैं। स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि आखिर इन्हें वहां क्यों रखा गया है और इन्हें इनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है। उसमें इतनी देर क्यों हो रही है?

**जवाब में लापरवाही :** हैरत की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट को जवाब देने में भी राज्य सरकार के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखायी। सरकार का यही कहना था कि ये सब विदेशी हैं और इन्हें फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल्स की ओर से विदेशी घोषित कर दिये जाने के बाद ही डिटेंशन सेंटर में भेजा गया है, लेकिन सरकारी हलफनामे में इन्हें हिरासत में रखने का कोई कारण नहीं बताया गया है, ना ही यह जानकारी दी गई है कि इन्हें स्वदेश भेजने की दिशा में कौन से कदम उठाये गये हैं।

> अगर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी घुसपैठियों पर तेज हुई राजनीति के संदर्भ में देखें, तो कथित घुसपैठियों के खिलाफ कई गैरजिम्मेदार बयान भी देखने को मिल जाते हैं। इससे किसी कारण भारत में रह रहे विदेशियों के खिलाफ नफरत का माहौल बनता है।

**घुसपैठियों पर राजनीति :** इस मसले को अगर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी घुसपैठियों पर तेज हुई राजनीति के संदर्भ में देखें, तो कथित घुसपैठियों के खिलाफ कई गैरजिम्मेदार बयान भी देखने को मिल जाते हैं। इससे किसी कारण भारत में रह रहे विदेशियों के खिलाफ नफरत का माहौल बनता है और यह सवाल भी उठता है कि क्या सरकारी अधिकारियों के व्यवहार या फैसले पर उस माहौल का भी प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ रहा है।

**जीवन की गरिमा :** शायद इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसे रेखांकित करना जरूरी समझा कि देश के संविधान की ओर से दिये गये जीवन के अधिकार की गारंटी यहां रह रहे सभी लोगों के लिए है चाहे वे विदेशी ही क्यों न हों। अवैध तौर पर देश में घुस आये लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई जरूर की जाये, लेकिन इस क्रम में उनके जीवन की गरिमा सुरक्षित रहनी चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**रेलवे सुरक्षा निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में, ट्रेनों पर पत्थरबाजी की कुल 3901 घटनाओं की सूचनाएं प्राप्त हुईं, कुल 3391 मामले दर्ज किये गये और 1140 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन मामलों में, वंदे भारत ट्रेनों पर किये गये कुल 741 हमले शामिल हैं, जिनमें 228 लोगों की गिरफ्तारी की गयी। यही कारण है कि इतने विशाल रेल सुरक्षा नेटवर्क में, प्रत्येक महीने औसतन 325 मामले दर्ज किये जाते हैं (प्रति किलोमीटर ट्रैक लंबाई पर, 0.2167 मामले दर्ज)।**

# ट्रेनों पर होनेवाली पत्थरबाजी से निबटना : चुनौतियां, प्रभाव और रेल सुरक्षा बल की प्रतिक्रिया



**आलोक बोहरा**

वैश्विक रेल नेटवर्क के क्षेत्र में रेल-परिचालन के शुरुआती दौर से ही, ट्रेनों पर पत्थरबाजी करना, एक गंभीर सुरक्षा-चुनौती रही है। भारतीय रेल भी इसका अपवाद नहीं है। भारतीय रेल, 1.3 लाख से अधिक ट्रैक लंबाईवाली तथा चौथी सबसे बड़ी व्या पक रेल-प्रणाली है, जो 7000 से अधिक स्टेशनों को जोड़ती है। यहां 13000 से अधिक ट्रेनें परिचालित होती हैं और यह लगभग 8.5 बिलियन यात्रियों के लिए आवागमन का सशक्त माध्यतम है। तथापि यह व्यवस्था, विभिन्न प्रकार की असामाजिक व हानिकारक गतिविधियों से त्रस्त है। इसी कारणवश, रेल संपत्ति, यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा, सदा ही भारतीय रेल की प्राथमिकता बनी रही है। रेलवे सुरक्षा निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में, ट्रेनों पर पत्थरबाजी की कुल 3901 घटनाओं की सूचनाएं प्राप्त हुईं, कुल 3391 मामले दर्ज किये गये और 1140 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन मामलों में, वंदे भारत ट्रेनों पर किये गये कुल 741 हमले शामिल हैं, जिनमें 228 लोगों की गिरफ्तारी की गयी। यही कारण है कि इतने विशाल रेल सुरक्षा नेटवर्क में, प्रत्येक महीने औसतन 325 मामले दर्ज किये जाते हैं (प्रति किलोमीटर ट्रैक लंबाई पर, 0.2167 मामले दर्ज)। यह रेलवे प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बरती गयी अत्यधिक सतर्कता का परिणाम है। वर्ष 2024 के दौरान, रेल सुरक्षा बल, पूर्व तट रेलवे की टीम, मामले दर्ज करने और उनकी जांच करने में काफी सक्रिय रही है। 36 लोगों को गिरफ्तारी के साथ वंदे भारत रेक पर पत्थरबाजी की कुल 30 घटनाएं दर्ज की गयीं। कुल 65 लोगों की गिरफ्तारी के साथ अन्य ट्रेनों में 85 घटनाएं दर्ज की गयीं।

> अमेरिकी राष्ट्रपति, थियोडोर रूजवेल्ट द्वारा वर्ष 1905 में, अपनी ट्रेन पर पथराव के बाद प्रतिक्रिया दी गयी।



रेलवे की 0.10 प्रतिशत से अधिक भूमि पर अतिक्रमण किया जा चुका है, जिससे रेलमार्ग के किनारे, अप्राधिकृत आवास पनप रहे हैं, जिनके लिए रेल मार्ग के समीप आवागमन की खुली छूट रहती है तथा ऐसे स्थानों पर, 8 से 16 वर्ष के पथभ्रमित बच्चे आराम से उपलब्ध गिट्टियों या अन्ये कूड़े-कचरे की सामग्री, चलती ट्रेनों पर फेंकते हैं। यह उनके लिए एक सहज खेल के समान है।

ऐसी असामाजिक गतिविधियों के कारण अनेक हैं, यथा- फालतू के रोमांच उत्पन्न करना, अभावग्रस्त लोगों द्वारा अपनी कुंठा निकालना, नशेड़ी तथा शराबी तत्वों द्वारा नशे की हालत में ऐसा करना, निहित स्वार्थपूर्ण विरोध, आवारा, बेघर, उत्पीड़न-उन्माद, मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों द्वारा ऐसा किया जाना, सोशल मीडिया को प्रभावित करना, लक्ष्यों को हिट करने की शर्त लगाकर खेल समझते हुए, दुर्भावनापूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र और वंचित परिवेश में कुछ हासिल करने के लिए उत्तेजित दुष्प्रसभावी मानवीय आवेग आदि। विडंबना यह है कि, विभिन्न प्रकार की क्रांतियों से, इस प्रकार के अपराध को बढ़ावा मिलता है।

इसके अलावा आजादी के बाद समाज में व्या प्त सांप्रदायिक नफरत ने भी रेल यात्रियों पर क्रूरतापूर्वक, संगठित तरीके से पथराव करने को बढ़ावा दिया है। वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगे, 1992 के मुंबई दंगे, फरवरी 2002 में साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों में आग लगाने से पहले पथराव की घटना और 2012 में रोहिंग्या लोगों पर मुंबई में विरोध प्रदर्शन, कुछ ऐसी ही दिल दहलाने वाली घटनाएं हैं। वंदे भारत ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं के पश्चात होनेवाली मरम्मतों में, करोड़ों रुपये से अधिक का खर्च हुआ है और इससे यात्रा के दौरान, यात्रियों में भ्रम और दहशत की स्थिति भी बढ़ी है।

**प्रभाव :** रोलिंग स्टॉक चलाने वाले लोको पायलट पर निशाना साधकर पत्थरबाजी करना, आकस्मिक दुर्घटना का प्रमुख कारण सिद्ध होता है। इसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाएं, बड़े-बड़े आघात, ट्रेन सेवाओं को नुकसान, उनकी गतिशीलता में व्यवधान, भयासक्त मनोविकृति का विकास, आवश्याक संसाधनों की कमी, सामाजिक अशांति, विश्वास की कमी, हितधारकों की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव, सुरक्षा को खतरा, ग्राहक गुणवत्ता में कमी, समय की पाबंदी से समझौता, बढ़ती हुई अकुशलता एवं कानून-व्यवस्था भी दुष्प्रतभावित होती है। इनके परिणामस्वरूप पुलिस, चिकित्साग-वर्ग, आपातकालीन सेवाओं आदि से जुड़े कार्मिक और उनके उपकरणों व सेवाओं का भी निरंतर उपयोग किया जाता है, जिसके कारण अन्यो क्षेत्रों में ये सेवाएं बाधित होती हैं।

**रणनीतिक प्रतिक्रिया :** इस बिंदु पर, हमारी रणनीतिक प्रतिक्रिया का भी बहुआयामी होना नितांत आवश्यंक है। प्रत्येक स्थान पर यदि सुरक्षा कर्मी तैनात ना हों, तो भी ऐसे स्थानों पर चार गेट ऐक्सेस कंट्रोल (आरसीसी बाउंड्री वॉल, एफसी गेट, प्लैटफॉर्म स्क्रीन डोर और स्वचालित बंद दरवाजा रेक) की सुविधा द्वारा, ऐसे घृणित कार्यों को टाला जा सकता है। यह इस प्रकार की असामाजिक गतिविधियों से निजात पाने के लिए बेहद जरूरी है। संरक्षा-संबंधी विशेषताओं में वृद्धि के उद्देश्य से, तेजस, वंदे भारत, एसी लोकल ट्रेनों और इस श्रेणी की अन्य ट्रेनों के रेक तैयार किये गये हैं।

रेल अवसंरचना के विकास की दिशा में, बढ़े हुए बजटीय आवंटन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अभिनव रेल उद्यम के सृजन संबंधी विजन को निरंतर आगे बढ़ाते जा रहे हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विश्वस्तरीय यात्री- अनुकूल रेल-नेटवर्क बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बदलाव की दिशा में हमारी जिम्मेदारी ऐसी मिसाल बने कि वह आगे एक ऊजार्वान व प्रयत्नीशील कार्मिक- श्रृंखला का सृजन कर सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सभी कार्मिकों को अपने संबंधित कार्यों में ईमानदारी के साथ-साथ अनुशासन को शामिल करना होगा ताकि, एक विकसित भारत का निर्माण किया जा सके। इसलिए, एसी कोचों में अपराधियों की अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए, स्टोन प्रूफ पॉलीमर तकनीक वाले सख्त लैमिनेटेड बैंडिट ग्लास शील्ड की डिजाइन युक्त स्वचालित डोर क्लोजर और बंद खिड़कियों का उपयोग किया जाना चाहिए। मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों में लगी लोहे की जाली वाली खिड़कियों को, अन्य यात्री ट्रेनों में भी, क्रमशः लगाया जा सकता है।

स्टेशन विकास योजनाओं को नियोजित करते समय एवं ट्रैक बिछाते समय, अनधिकृत प्रवेश को रोकने-संबंधी उपायों पर, विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। निर्माण व स्टेशन के विकास-संबंधी इन योजनाओं के अंतर्गत, किए गए दावों, रेल सुरक्षा और यात्री-सुरक्षा से जुड़े कार्यों को महत्ता दी जानी चाहिए।

ट्रेनों, स्टेशनों और रेल-सेक्शनों में, सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी नेटवर्क की स्थापना, पूरे क्षेत्र की अच्छी निगरानी सुनिश्चित करती है। वंदे भारत ट्रेनों के भीतर लगे सीसीटीवी की मदद से, रेल सुरक्षा बल ने पथराव के कई मामलों का पता लगाया है। इसलिए रेल सुरक्षा बल, पूतरे ने कुछ मैप किये गये सेक्शनों में सौर ऊर्जा चालित सीसीटीवी कैमरे लगाने की अगुवाई की है। गहन निगरानी के लिए तथा अपराध-ग्रस्त क्षेत्रों पर नजर रखने के लिए, बेहतर सुरक्षा उपाय के रूप में, रेल सुरक्षा बल द्वारा ड्रोन की तैनाती की जाती है।

इस संबंध में, रेल सुरक्षा बल द्वारा विभिन्न निवारक कदम उठाये गये हैं, जैसे- प्रभावित क्षेत्र का सटीक मानचित्रण, खुफिया जानकारी एकत्र करना, त्वरित प्रतिक्रिया दल संगठित करना, जोखिमपूर्ण क्षेत्रों को चिन्हित करना, पुलिस और जीआरपी के साथ समन्वयन, सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना, प्रभावी गश्त करना, यात्री जागरूकता अभियान एवं मीडिया अभियान प्रसारित करना आदि। तथापि ये उपाय, इन समस्याओं का स्थायी समाधान सिद्ध नहीं हो सकते हैं। अतः हमें प्रभावी शिक्षा प्रदान करते हुए, सार्थक एवं सकारात्मक उपायों द्वारा, रेल ट्रैक के पास रहने वाले पिछड़े वर्ग के इन आवासियों के लिए सामाजिक उद्यमिता के साथ ही साथ स्थानीय सरकार के सहयोग से उनके पुनर्वास की योजनाएं निर्धारित कर, ऐसे अपराधों की रोकथाम के प्रयास करने होंगे। फिर भी, जो अपराधी सुधर नहीं सकते, उन्हें दंडात्मक परिणाम भुगतने ही होंगे। रेल अधिनियम की धारा 152 के अंतर्गत, रेलगाड़ियों पर पत्थरबाजी जैसे दुर्भावनापूर्ण कृत्य के विरुद्ध निवारक दंड का प्रावधान है तथा आजीवन कारावास या दस वर्ष तक की जेल-अवधि का प्रावधान है। रेल अधिनियम की धारा 153 के अंतर्गत संशोधन करके, इसमें पथराव करने वाले पर जुमार्ना लगाने, नुकसान की भरपाई करने तथा क्षतिपूर्ति भुगतान का प्रावधान जोड़ा जा सकता है।

**(लेखक : प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त पूर्व तट रेलवे हैं। यह निजी विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर जदयू ने दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारत रत्न कपूर्री ठाकुर के जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर जदयू युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह के नेतृत में जदयू के नेताओं ने कपूर्री ठाकुर के स्टेचू पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। जदयू युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह ने कपूर्री ठाकुर के जीवनी और उनके प्रतिभाशाली व्यक्तित्व की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कपूर्री ठाकुर बिहार में एक बार उप मुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और एक दशक तक विधायक और विरोधी दल के नेता रह चुके। उनको भारत रत्न की उपाधि भी मिली थी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव कौशल कुमार, जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह,जिला प्रवक्ता अमृता मिश्रा, प्रदेश महासचिव भोला सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुजीत कुमार, मानगो मंडल अध्यक्ष लालू गौड़, दीपक गौड़, प्रवीण सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा सोनारी मंडल ने चलाया सदस्यता अभियान



**क्षेत्रीय संगठन महामंत्री का सोनारी मंडल ने किया अभिनंदन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी एयरपोर्ट,कागल नगर बाजार, खुटाडीह व शक्ति केंद्र क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को अभियान के दौरान चौक चौराहे में लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें पार्टी का सदस्य बनाया गया। मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री व अन्य अथितियों को मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान महामंत्री ने कहा भाजपा का उद्देश्य है अधिक से अधिक लोग साथ जुड़ें। पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों में भाग लें। ताकि मिलकर अपने समाज और देश के विकास में योगदान दें सके। मौके पर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, भाजपा प्रदेश मंत्री नन्दीजी प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल प्रभारी गंगा साहू, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सोनु ठाकुर, युवा मोर्चा के अभिषेक डे, जिला मिडिया प्रभारी अखिलेश सिंह, उज्जवल सिंह, संजय रजक, मंडल सदस्यता प्रभारी सतेंद्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, काजल मुखर्जी, महिला अध्यक्ष सरिता लाल,नरेश प्रसाद,लालू यादव, राजु मल्होत्रा,अभिषेक सिंह, अमर दास,तापस नंदी, सुरेश प्रसाद, बाबूलाल गुप्ता, गणेश मल्होत्रा, रवि पोद्दार,प्रदीप गोराई, डाक्टर राजीव यादव, संतोष, अजय सिंह, आदित्य दुबे सहित अन्य शामिल रहे।

# गोलमुरी के दो गुटों के बीच मारपीट में तीन युवक घायल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साकची थाना क्षेत्र के अभिषेक जुबिली दुकान के समीप शुक्रवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के तीन युवकों को चोटें आयी हैं। सभी घायलों का एमजीएम अस्पताल में इलाज कराया गया है। मारपीट में जख्मी युवकों ने साकची थाना में नामजद शिकायत दर्ज करायी है। घायलों में गोलमुरी मस्जिद के पास रहने वाले रजा आलम, मो अयान और मोहम्मद फरहान शामिल हैं। रजा आलम ने पुलिस को बताया कि उसके और उनके साथियों पर पास की बस्ती के ओवैस, राजा, सतीश, सोहेल सहित 15-20 अन्य युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला किया। आरोपियों ने चापड़ और लाठी-डंडों से लैस होकर उन पर हमला किया और इस दौरान उनके मोबाइल, चांदी की चेन और 8 हजार रुपये नकद छीन लिए। घटना उस समय घटी जब तीनों साकची कब्रिस्तान से एक जनाजे में शामिल होकर लौट रहे थे।

# जुगसलाई में राणी सती दादी का मासिक नवमी कीर्तन संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा आयोजित 275वां श्री राणी सती दादी का मासिक नवमी कीर्तन जुगसलाई स्थित मौनी बाबा काम्प्लेक्स के श्री नारायणी निर्मल निवास पर संपन्न हुआ। स्थानीय भजन गायक सुनीता-गोविंद भारद्वाज ने ज्योत प्रज्वलित कर भजन संध्या कार्यक्रम की शुरूआत की। अदिति भारद्वाज ने गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ किया। समिति के कलाकार जगदीश शर्मा, बैजनाथ शर्मा, कमल अग्रवाल, राकेश कुमार, पारस भारद्वाज द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गयी। कलाकारों ने दादी मां का उत्सव है, मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है, दे दें थोड़ा प्यार दादी तेरा क्या घट जायेगा, महारै सिर पर है दादी मां का हाथ, कीर्तन की है रात मैया आज थाने आनों है, तेरा मेरा प्यार यूं ही बना रहे आदि भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर दादी मां के भक्त नाचते रहे। चुनड़ी उत्सव, गाजरा उत्सव में महिलाएं झूमते हुए राणी सती दादी का जयकारा लगाती रही। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया समेत काफी संख्या समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# पोटका में मनाया गया पेसा शिलालेख दिवस

**नियमावली बनाकर सरकार पेसा कानून लागू करेः सिदेश्वर सरदार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड के पिछली गांव में आदिवासी भूमिज समाज की ओर से पेसा शिलालेख दिवस मनाया गया। इस मौके पर पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था लागू करने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता सिदेश्वर सरदार ने की। बैठक में पर्यावरण चेतना केंद्र के निर्देशक सिदेश्वर सरदार, हरिश भूमिज, सपन सरदार, चैतन सरदार ने कहा कि केंद्र सरकार ने आदिवासियों को उसका हक दिलाने के लिए 24 दिसंबर 1996 में पेसा कानून बनाया। जिसे लंबी लड़ाई के बाद हासिल की गयी। उन्होंने आगे कहा कि इस कानून को शिलालेख पर पोटका के पिछली गांव में कानून बनने के एक साल बाद उतारा गया। जिसकी याद में पेसा कानून शिलालेख दिवस मनाया गया और झारखंड सरकार से इसे नियमावली बनाकर लागू करे ताकि गांव का कानून, गांव का फैसला गांव में ही हो सके। इसके पूर्व गांव में विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रधान माझी, नाया, देवरी, समेत सामाजिक और गणमान्य लोगों ने शिलालेख की पूजा अर्चना कर गांव गणराज्य दिवस के रूप में मनाया।

# आजसू नेता हरेलाल महतो को मिली जमानत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** आजसू नेता हरे लाल महतो शुक्रवार को जेल से रिहा हो गये। जहां उनके समर्थकों ने सरायकेला जेल गेट पर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। मालूम हो कि आजसू नेता एवं झारखंड विधानसभा चुनाव में ईचागढ़ विधानसभा सीट से एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार रहे हरे लाल महतो को बीते बुधवार को तिरुलडीह थाना के खनन से संबंधित एक पुराने मामले में कोर्ट के आदेश पर डॉ रविशंकर तिवारी के न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था, जिसके बाद उन्हें सरायकेला जेल भेजा गया था। बुधवार को न्यायालय से सरायकेला जेल भेजने से पूर्व पुलिस ने सरायकेला सदर अस्पताल में हरेलाल महतो का स्वास्थ्य जांच कराया था, जहां अस्वस्थ पाए जाने के कारण सदर अस्पताल में हरे लाल महतो को भर्ती कराया गया था। उधर, चांडिल अनुमंडलीय न्यायालय ने गुरुवार को हरे लाल महतो के केस की सुनवाई करते हुए जमानत दे दी थी, लेकिन बेल बांड भरने में देर हुई। वहीं, शुक्रवार को बेल बॉन्ड भरने के बाद हरे लाल महतो जेल से रिहा हुए।

# बिस्टुपुर और सोनारी एयरपोर्ट गोलचक्कर में बिरसासेना ने जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा लगाने का किया एलान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर गोलचक्कर व सोनारी एयरपोर्ट गोलचक्कर में बिरसासेना ने आगामी 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को विश्व प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी और झारखंड पार्टी के संस्थापक जयपाल सिंह मुंडा का प्रतिमा लगाने का एलान कर दिया। उधर सूचना मिलने पर एसडीओ ने शहर के 8 स्थलों पर 100 मीटर की परिधि में (छह गोलचक्कर) निषेधाज्ञा लगा दी। गणतंत्र दिवस पर भारी मात्रा में पुलिस बल ही तैनात की जायेगी।



इसके अलावा मजिस्ट्रेट तैनाती की जायेगी। एसडीओ के निर्देश पर शहर के 8 गोलचक्कर पर बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के जाने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही किसी भी तरह के धरना प्रदर्शन, पुतला दहन व अस्त्र-शस्त्र ले जाने की भी अनुमति नहीं है। वही बिरसा सेना 26 जनवरी को हर हाल में बिष्टुपुर गोलचक्कर पर जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा लगाने की तैयारी कर रखी है।

## सांसद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा को सफल बनाने को लेकर पलामू लोकसभा सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 को लेकर किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा इसे सफल बनाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट बाइक चलाने वालो पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह-2025 कार्यक्रम सिर्फ आंकड़ों को कम करने तक सीमित नहीं है।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश द्वारा बताया गया कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि सभी आम जनमानस ग्रामीण/ शहरी क्षेत्र के निवासियों को हेलमेट, सीटबेल्ट पहने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाये। यातायात नियमों का पालन करना एवं शराब के नशे की हालत में वाहन न चलाने के साथ नेक नागरिक बनकर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद बिना किसी संकोच या बिना किसी भय के साथ करना, क्योंकि नेक नागरिक गुड सेमीरिटर्न पॉलिसी के अंतर्गत सरकार द्वारा घायल व्यक्ति को मदद पहुंचाने पर 2000 रुपये की पुरस्कृत राशि और प्रशस्ति पत्र का प्रावधान है। इस मौके पर भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश आदि उपस्थित थे।

## किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी का वार्षिकोत्सव और दीक्षांत समारोह संपन्न

# मेराल के लिए मील का पत्थर साबित होगा फार्मेसी कॉलेज : प्रबंधक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी का वार्षिकोत्सव और दीक्षांत समारोह शुक्रवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, कॉलेज के संस्थापक डॉ अनिल कुमार साह, संस्थान के सचिव वीरेंद्र प्रसाद, निदेशक लव कुमार सिंह, डॉ आयुष, प्रिंसिपल राजेंद्र चौकसे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य लोगों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीएस श्री कुमार ने समारोह में बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नर्स की भूमिका अहम होती है। जिस प्रकार से बिना ऑक्सीजन का कोई जिंदा नहीं रह सकता है,





उसी प्रकार से बिना नर्स के चिकित्सा का कार्य अधूरा और अपूर्ण है। उन्होंने सभी को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ अनिल साह ने कहा कि मेराल प्रखंड मुख्यालय में एक भी फार्मेसी कॉलेज नहीं था, जिसकी वजह से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अन्यत्र जाना पड़ता था। रोजगार उन्मुखी इस कॉलेज की स्थापना आज ही के दिन 2021 में की गयी थी। आज कॉलेज के संकाय में वृद्धि हुई है। आने वाला समय में कई अन्य संकाय की भी पढ़ाई होगी। मेराल सीएचसी के प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार आदि ने भी कॉलेज के गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह को सफल बनाने में श्रीकांत चौधरी, विकास कुमार मिश्रा, अंजनी कुमारी, विद्या कुमारी, ममता कुमारी और अन्य संकाय के कर्मी जितेंद्र, रामाकांत प्रसाद, ओम प्रकाश विश्वकर्मा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। दीक्षांत समारोह में 120 नर्सिंग छात्र छात्राओं का ओथ सह कैंपिंग कराया गया, साथ ही एएनएम की छात्रों को कोर्स कंपलीशन सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। मौके पर डालटेनगंज सदर अस्पताल के एमडी डॉ आर के रंजन, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, रुपू महतो, मनोज जायसवाल, डॉ दीपक सिन्हा, कृष्ण प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## पांच बीएलओ को किया जायेगा सम्मानित: एसडीओ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अनुमंडल के सभी सरकारी कार्यालयों में मतदाता शपथ का आयोजन करने के संबंध में एसडीओ संजय कुमार ने संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। पहली बार मतदाता बने युवक युवतियों के बीच मतदाता पहचान पत्र सौंपने, मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगितायें करवाने का भी निर्देश दिया गया। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं आम निर्वाचन कार्य में बेहतर भूमिका निभाने वाले पांच बीएलओ को अनुमंडल स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है, इन बीएलओ में वार्ड 3 की सुजाता देवी। वार्ड 290 की रीता देवी, वार्ड 354 की मार्ग्रेट वारला, वार्ड 103 की श्याम दुलारी देवी तथा वार्ड 451 की प्रभात देवी शामिल हैं।

## मैराथन फॉर एजुकेशन का आयोजन आज

गढ़वा (आजाद सिपाही)। 25 जनवरी 2025 को 4 बजे संध्या आर्ट ऑफ गिविंग की गढ़वा इकाई तथा गढ़वा वॉलीबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से मैराथन फॉर एजुकेशन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन गढ़वा जिला मुख्यालय में किया जायेगा। इस आशय की जानकारी आर्ट ऑफ गिविंग के गढ़वा इकाई के सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने दी है। इस मैराथन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ सभी खिलाड़ियों और विद्यार्थियों से अपील करता है।

## कांडी में केशू कलेक्शन का उद्घाटन



कांडी (आजाद सिपाही)। अब प्रखंड क्षेत्र के लोगों को अच्छी क्वालिटी के कपड़े लेने जानें के लिए कांडी से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि शुक्रवार को मुख्य बाजार से कांडी - मझिआंव मुख्य सड़क के किनारे केशू कलेक्शन खुल गया है। विदित हो कि बुजुर्ग जगन्नाथ प्रसाद, जायंट्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केसरी, कांडी मुखिया विजय कुमार, जिला परिषद् सदस्य उत्तरी प्रतिनिधि दिनेश कुमार युवा समाजसेवी शशांक शेखर द्विवेदी ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर फीता काटकर नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया।

## स्कूल बस में छात्र के साथ मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टाउनशिप के बस चालक ने थाना में आवेदन देकर स्कूली छात्र के साथ मारपीट किये जाने को लेकर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिये गये आवेदन में उल्लेख किया है कि प्रशांत कुमार यादव मकरी के टोला बरवाबंध का निवासी विद्या मंदिर टाउनशिप में पढ़ाई करता है। और वह आवागमन स्कूल बस से करता है। भवनाथपुर ट्रैफिक का फायदा उठाकर भवनाथपुर बाजार विद्या मंदिर के छात्र श्यामनारायण बस में चढ़ गया और बस के अंदर प्रवेश कर प्रशांत यादव को लोहे से सर पर प्रहार किया, मैंने दोनों को अलग किया। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रशांत यादव का इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर मे कराया।

## स्कूली छात्रों के बीच साइकिल का वितरण



मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुरहे के छात्रों को सात साइकिल, मध्य विद्यालय, दवनकरा के छात्रों को 19 साइकिल, भूसुआ विद्यालय के छात्रों को तेरह साइकिल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुबेतहले विधालय के छात्रों को 15 साइकिल वितरण किया गया। मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और प्रतिदिन स्कूल जाने की नसीहत दी। वहीं बीडीओ ने कहा कि साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। तथा झारखंड सरकार कल्याण विभाग के द्वारा बच्चों को स्कूल तक पहुंचाना तथा सुगम बनाना हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख आरती दुबे, सतेंद्र पांडे तथा कई शिक्षक उपस्थित थे।

## मेराल में नये ट्रैक्टर की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मेनरोड एनएच 75 किनारे लगमा बस स्टैंड के समीप एक घर के दरवाजे से नयी ट्रैक्टर की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक राहुल कुमार चौधरी पिता मनोज चौधरी द्वारा अपने ट्रैक्टर के चोरी होने को लेकर थाना में आवेदन दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मेराल थाना पुलिस तहकीकात में जुट गयी है। राहुल ने बताया कि 21 दिसंबर को ही कल्याण विभाग से अनुदानित राशि पर लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर लिया था। अन्य दिनों की तरह ही दरवाजे पर ट्रैक्टर खड़ी थी, परिवार वालों के साथ घर में सोये थे, सुबह जगने पर देखा कि मेरा ट्रैक्टर गायब है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह को लेकर परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न, सुबह 09:05 बजे होगा झंडोत्तोलन

**उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के गोविंद इंटर कॉलेज, गढ़वा(टाउन हॉल) के मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर आज परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। 26 जनवरी 2025 को 09:05 बजे गोविंद इंटर कॉलेज, गढ़वा (टाउन हॉल) के मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन किया जायेगा।



उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक और भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया गया।

उपायुक्त श्री जमुआर ने परेड में भाग ले रहे प्लाटुन का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि गढ़वा में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी साथ ही उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की नसीहत दी। उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसे ही 26 जनवरी को परेड सुंदर व खूबसूरत दिखे। इसके लिए आप सभी अपना शत प्रतिशत देंगे। पूर्वाभ्यास परेड के मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, एसडीम संजय कुमार, डीआरडीए डायरेक्टर सह सामान्य शाखा पदाधिकारी रविश राज सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, भूमि उपसमाहर्ता प्रमेश कुशवाहा, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारत रत्न सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वतंत्रता सेनानी महान विचारक कुशल राजनीतिज्ञ सामाजिक समरसता के प्रतीक जननायक कपूर्री ठाकुर जी की 101वीं जयंती पर भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर नमन किया गया। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर शोषित, पीड़ित, वंचित और समाज के रहनुमा थे। ऐसे महान आत्मा जो अपने लिए नहीं लोगों के लिए चिंतनीय रहना और लोगों को हक और अधिकार कैसे मिले, इसके बारे में हमेशा प्रयासरत रहे। मौके पर रितेश चौबे, संतोष कश्यप, अविनास पासवान, प्रवीण जायसवाल, संतोष ठाकुर, अभिषेक कश्यप संजय राम, विशाल गुप्ता आदि अन्य उपस्थित थे।

## बाइक के धक्के से दो स्कूली छात्र घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बाजार स्थित सद्भावना अस्पताल के समीप मोटरसाकिल के धक्का से दो स्कूली छात्र घायल हो गए। घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में शिवम सोनी और कृति कुमारी दोनो पिता राजू सोनी भवनाथपुर बाजार निवासी शामिल है। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि दोनों बच्चे स्कूल जा रहे थे, पीछे से दूध व्यापारी राजनाथ यादव पिता रामरूप यादव घर चनरे कुपा निवासी दूध लेकर आ रहा था। दोनों घायल बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

# पीएम पोषण मध्याह्न भोजन कुकिंग कंपीटिशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका संकुल संसाधन केंद्र राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका में पीएम पोषण मध्याह्न भोजन योजना 2024-25 के तहत कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस कुकिंग कंपटीशन में संकुलाधीन सभी विद्यालयों के रसोईया सह सहायिकाओं ने भाग लिया। इसमें झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार निर्धारित तिथि में बनने वाले भोजन को तैयार कर स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया। सभी स्टालों का निरीक्षण निर्णायक मंडली के रूप में विद्यालयों के बाल संसद के प्रधानमंत्री, स्वच्छता मंत्री,



पोषण मंत्री एवं न्यूट्रिशंस एक्सपर्ट द्वारा किया गया और मानकों का निर्धारण अंक दिया गया जिसमें राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका को प्रथम एवं नव प्राथमिक विद्यालय गोता टोला भलुआनी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस कुकिंग कंपटीशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददाई बनाने ,मध्यान्ह भोजन के प्रति रसोईया सह सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करने, मध्यान भोजन में मोटे अनाज (मिलेट्स) तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग करने संबंधी बातों पर बल देना था। इस मौके पर संकुल साधनसेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक कुमार, लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार, एमडीएम अनुश्रवण सहायक सह कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद ठाकुर, डाटा एंट्री ऑपरेटर शशि ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, शिक्षक रियाजुद्दीन अंसारी, पंकज, सुनील कुमार सिंह, रमेश राम, रंजीत कुमार सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## डंडई में मनायी गयी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित चौपाल परिसर में राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वावधान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। वक्ताओं ने बारी-बारी से पूर्व मुख्यमंत्री के योगदान और उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया गया कि भारत रत्न कपूर्री ठाकुर ने सामाजिक न्याय और गरीबों के अधिकार के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनके योगदान के कारण ही बिहार राज्य के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आए थे। समारोह में प्रखंड अध्यक्ष रामकिशुन ठाकुर, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, राजेश मेहता, जितेंद्र ठाकुर, मिथिलेश प्रसाद, दिनेश राम, शिवपूजन ठाकुर, आनंद प्रकाश, सुभाष मेहता दिलवर राकेश ठाकुर सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

ई-प्रोक्योरमेंट अल्प कालीन निविदा सूचना

PR No. 293481 का पंचम आमंत्रण

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DWSD/Lohardaga/26/2022-23

दिनांक : 24.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम – Detailed survey, designing and drawing, Construction of Weir with allied works etc. all complete job for **Arkosa and Adjoining villages Rural Water Supply Scheme** under D.W. & S. Division Lohardaga on turnkey basis." | |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 1253.79 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि | 12.54 लाख रूपये |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 0.10 लाख रूपये |
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 09 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.) |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.01.2025, 03:30 बजे अपराह्न से |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि एवं स्थान | दिनांक 11.02.2024, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.02.2025, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.02.2025, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 10 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 21.02.2025, 11:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 11 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 12 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम एवं मोबाईल नं0 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा। मो0 8084784990 |
| 13 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 8084784990 |

नोटः वैसे सम्वेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं है, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अंदर पेयजल एवं स्वच्छता में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हे विभागीय पत्रांक 678(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
लोहरदगा

PR 345004 Lohardaga(24-25)#D

# विभिन्न जगहों पर किया गया प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार, मुख्य अतिथि प्रमुख चंद्रावती देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, मुखिया प्रमोद कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह, दंत चिकित्सक पंकज पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया की अधिक से अधिक लोगो को इस स्वास्थ्य मेला में उपस्थित होकर इसका लाभ लें। वहीं दंत चिकित्सक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि देश में सबसे अधिक लोग ओरल कैंसर के शिकार होते जा रहे है। खासकर युवा वर्ग गुटखा, पान मसाला और अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने से यह ओरल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होता है। डॉ पाठक ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा की धूम्रपान सेवन करने से परहेज रहे एवं सुरक्षित रहें। आयोजित स्वास्थ्य मेले में चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में निशुल्क जांच, दवा का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिस प्रकार की बीमारी हो उसी प्रकार की इलाज की व्यवस्था की गयी है। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, डॉ अभिनिति विश्वास, डॉ जेपी ठाकुर, सोनी कुमारी, भारद्वाज, सिएचो अविनाश विशाल कुमार एमपीडब्ल्यू उपेंद्र, विकाश चंदेल, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धुरकी में 450 मरीजों की हुई जांच



धुरकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का गुरुवार को आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन बीडीओ जुल्फिकार अंसारी तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रत्नेश कुमार, और थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर मेले में 450 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई दी गयी। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रत्नेश कुमार ने बताया कि सामूदायिक स्वस्थ केंद्र धुरकी में पहली बार महत्वाकांक्षी योग का आयोजन किया गया था। इस मौके पर अकाउंटेंट करुणा कुमारी, गौतम कुमार अजित कुमार, अरुण ठाकुर, डॉ पवन सिंह, डॉ मनोज, डॉ दीपक, डॉ पंकज, रामकुमार सहित काफी संख्या में मौजूद थे।

## सगमा में 570 लोगों के बीच दवा वितरित



सगमा (आजाद सिपाही)। सगमा बाजार में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के 570 लोगों को जांच के बाद दवा वितरित किया गया। इसकी शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्नेश कुमार राम पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, झामुमो के प्रखंड प्रभारी हरिदास यादव बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रियाज अंसारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर डॉक्टर आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ दीपक कुमार यादव, एएनएम संध्या कुमारी पुस्पा कुमारी, उषा कुमारी गौतम कुमार यादव ब्लाक डेटा मैनेजर गौतम कुमार एमपी डब्लू, मनोज, मलेरिया निरीक्षक अरुण कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

## रेफरल अस्पताल के सीएचसी परिसर में की गयी मरीजों की नि:शुल्क जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** स्वास्थ्य मेला ग्रामीणों समुदाय के लिए नयी उम्मीद की किरण साबित हो रही है। जो उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक, प्रभारी सह चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद प्रसाद सेठ, प्रखंड प्रमुख आरती दुबे तथा जिला परिषद धर्मेंद्र सिंह के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया गया। उद्घटन के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम सरकार के द्वारा और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उठाया गया है। वहीं प्रभारी सह चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि इस मेले में ग्रामीण समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और गंभीर बीमारियों को रोकथाम के लिए नियमित जांच का महत्व को समझाना है। वहीं प्रखंड प्रमुख आरती दुबे ने कहा कि स्वास्थ्य मेला, ग्रामीण समुदाय के लिए नयी उम्मीद की किरण है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 25 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## रनिया में स्वास्थ्य मेला का आयोजन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रनिया प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मौजूद थे। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच की गयी और निःशुल्क दवा वितरण किया गया। मौके पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही बीमारी का उपचार कर निःशुल्क दवा का भी वितरण किया जा रहा है। झारखंड की अबुआ सरकार में विभिन्न प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए सरकार द्वारा निशुल्क उपचार की व्यवस्था करायी गयी है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लें। साथ ही सरकारी सुविधाओं का भी लाभ लें। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष देवनाथ मग्दैया, प्रमुख नेली डहंगा, ग्रामप्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश कोनगाडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत डांग, अलोक बाड़ा, डॉ संजय कुमार, डॉ श्वेता, डॉ रिचरसोन सोय आदि मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल खलारी के बच्चों ने किया बिरसा मुंडा जैविक उद्यान का भ्रमण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल खलारी के कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवी के छात्र-छात्राओं ने बिरसा जैविक उद्यान का भ्रमण किया। सीबीएसइ के दिशा निर्देशों के तहत आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग एवं अनुभवजन्य अधिगम के तहत सभी बच्चों ने प्रकृति संरक्षण एवं पशु पक्षियों से प्रेम और उनकी देखभाल करने का नजदीक से अनुभव प्राप्त किया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर इस भ्रमण में हिस्सा लिया। उन्होंने इस उद्यान में जाकर पशु-पक्षियों को नजदीक से देखा और उनके विषय में अधिक से अधिक जानकारी एकत्रित की। इस भ्रमण में बच्चों ने कई पशु-पक्षियों जैसे हिरण, हिमालयी भालू, सफेद बाघ, शेर, शतुरमुर्ग, तीतर, सफेद मोर जैसे पशु-पक्षियों के जीवन अवधि के विषय में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने सभी बच्चों को सुबह बड़े हर्ष के साथ भ्रमण हेतु विद्यालय से विदा किया। वहीं बच्चों के साथ जाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बड़ी जिम्मेदारी व खुशी के साथ इस भ्रमण में बच्चों का साथ दिया और इस भ्रमण को सार्थक बनाया। सभी बच्चे शाम में पुनः विद्यालय पहुंच कर अपने अपने माता-पिता के साथ घर चले गये।

## खलारी के युवक की हुई हत्या, जल्द गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गयी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर रोड के निकट रहने वाले बजरंग के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 24 वर्षीय युवक बजरंग सिंह की गुरुवार देर रात चान्हों में हत्या कर दी गयी। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार अपराह्न बजरंग का शव खलारी स्थित उसके घर पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। घर में विधवा मां और दो छोटे भाई और एक बहन हैं। मां और भाई बहन चित्कार मारकर रोने लगे। बजरंग ट्रक चालक था। करीब ढाई वर्ष पहले पिता सुरेंद्र सिंह की मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार को ही बजरंग के परिवार के लोग तथा आसपास के लोग पुलिस उप अधीक्षक खलारी आरएन चैधरी से मिले और हत्यारे की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। बताया जा रहा है कि बजरंग ट्रक लेकर बेड़ो से डालटेनगंज जा रहा था। इसी बीच रास्ते में उसकी निर्मम हत्या कर दी गयी। हत्या के कारण का कोई पता नहीं चल सका है।

## मुख्य वन संरक्षक ने चूरी परियोजना का किया निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया की चूरी परियोजना में शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक पीके नायडू ने निरीक्षण किया। उनके साथ वन विभाग के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। सीसीएल की पायलट प्रोजेक्ट चूरी परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर करीब 215 हैकटेयर वनभूमि का क्लीयरेंस लेने के लिए प्रकिया की जा रही है। इसके तहत वन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा परियोजना क्षेत्र और आसपास के चिन्हित जंगलों का निरीक्षण किया गया। इसके बाद वन विभाग के पदाधिकारी ने सीसीएल को क्लीयरेंस कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चूरी परियोजना को आने वाले 10 वर्षों तक निर्बाध रूप से चलने के लिए यह फॉरेस्ट क्लीयरेंस काफी जरूरी है। इस मौके पर डीएफओ श्रीकांत वर्मा, रेंजर सुरेंद्र कुमार, चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, सर्वेयर अरुण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक दिवसीय महिला फुटबॉल खेल और मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता आयोजित की गयी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तिरिलडीह बारूहातु पंचायत स्थित बनजारा बाबा बाजार मैदान में शुक्रवार को एक दिवसीय महिला फुटबॉल खेल और मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि तमाड़ विधायक और विशिष्ट अतिथि बुंडू जिला परिषद सदस्य उपस्थित हुए फुटबॉल मैच में विजेता एनएफसी गुमला विजेता रही। और उपविजेता चौकू एफसी मासु टीसी रांची रही विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21000 रुपया और उपविजेता को 15000 रुपया नगद इनाम दिया गया। मौके पर रेखा देवी, कुंवर सिंह मुंडा, करम सिंह मुंडा, विमला देवी, गुरुवा उरांव, बुधराम बड़ाईक, दुबराज पातर, लोधी सिंह, सनातन मुंडा, बुधराम मुंडा, कुंजबिहारी मुंडा, गिरेंद्र मुंडा, लालु मुंडा, सुनीता देवी, गुरुवा लोहरा, ठाकुर मुंडा ,अनीता देवी सहित कई गेंद मेन लोग उपस्थित हुए।

# पूरे देश का गौरव है बुंडू स्थित सूर्य मंदिर

- झारखंड सरकार ने पर्यटन स्थल में शामिल किया
- इस भव्य मंदिर का 24 अक्टूबर 1991 को देशभर के साधु संतों द्वारा शिलान्यास किया गया था
- इस मंदिर में 25 जनवरी एवं 26 जनवरी को विशाल टुसू मेला लगता है

**स्वरूप भट्टाचार्य**



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के बुंडू स्थित सूर्य मंदिर पूरे भारतवर्ष का एक ऐतिहासिक और एशिया महादेश की धरोहर है। यह झारखंड ही नहीं, पूरे देश का गौरव है। इसे झारखंड सरकार ने पर्यटन स्थल में शामिल किया है। इस भव्य मंदिर का 24 अक्टूबर 1991 को देशभर के साधु संतों द्वारा शिलान्यास किया गया था और 10 जुलाई 1994 को इसकी प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। यह मंदिर 11 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। इस मंदिर की भूमि स्व प्रधान सिंह मुंडा के द्वारा सूर्य मंदिर (सिंग बोंगा) मेला कमेटी को दान दी गयी है। सूर्य मंदिर के बारे में पुरानी कथाओं के अनुसार भगवान राम ने यहां भगवान सूर्य की उपासना की थी। इस मंदिर में 25 जनवरी एवं 26 जनवरी को विशाल टुसू मेला लगता है, जिसमें देश-विदेश के साथ हजारों हजार की संख्या में लोग आते हैं। मंदिर में शादी, विवाह मुंडन समारोह का आयोजन होता है। यहां आने पर सुखद अनुभूति महसूस होती है। इस मंदिर के बगल में भगवान भुवन भास्कर को जल चढ़ाने के लिए प्राचीनतम तालाब है। मंदिर के आगे सात घोड़ा के द्वारा खींचते हुए रथ का प्रारूप है। सात घोड़े द्वारा रथ खींचता हुआ मंदिर पूरे भारतवर्ष में कम ही हैं। मंदिर में सालों भर पूजा पाठ चलता रहता है। यह एक रमणीय स्थल है। यह मंदिर रांची टाटा रोड से एक किलोमीटर की दूरी पर एदलहातू बुंडू में स्थित है।

भूमि दाता स्व प्रधान सिंह मुंडा ने कभी सपने में यहां सूर्य भगवान के साक्षात दर्शन किये थे। उसी समय भुबन भास्कर का आलीशान मंदिर की तमन्ना इनके जेहन में आयी और भगवान के प्रेरणा और लोगों के सहयोग से यह मंदिर बन पाया। इस मंदिर में भगवान कृष्ण के रथ की अनुभूति देखी जा सकती है। चार साल के अथक प्रयास से हजारों मजदूरों ने इसका निर्माण किया। संगमरमर पत्थरों से मंदिर की पूरी सजावट और मंदिर की कलाकृति देखने लायक है। ऐसा लगता है मानो यहां भुवन भास्कर खुद विराजमान हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क बनी हुई है। स्व प्रधान सिंह मुंडा के वंशज के द्वारा एक होटल भी बनाया गया है। मंदिर के आसपास लगे पेड़ की हवाएं वहां के वातावरण को मंत्र मुग्ध कर देती हैं। यहां कई प्रकार की आयुर्वेदिक दवाओं के पेड़ भी लगे हुए हैं। बूढ़े बुजुर्ग कहते हैं प्रति दिन यहां आने पर बीमारी स्वतः दूर हो जाती है। यहां के पेड़ों पर बैठे पक्षियों की चहचहाहट स्वतः मन पवित्र करने की एक अनुभुति पैदा करती है। प्रति दिन हजारों हजार लोग इस मंदिर का दीदार करते हैं। लोग मनौती भी रख रहे हैं। मनौती पूरी होने पर पूजा अर्चना करते हैं। फुल प्रसाद मंदिर परिसर में मिल जाता है। यहां लोग पिकनिक करने आते हैं। छठ पूजा में यहां जगह मिलना बड़ा कठिन होता है। बाहर से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। भक्त जन कहते हैं कि छठ पर्व की उपासना से यहां बिगड़े काम बन जाते हैं।

## हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है : समीर उरांव



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी खूंटी जिला समिति ने शुक्रवार को संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन सिप्रिंगडेल स्कूल खूंटी में मनाया गया। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। इस बार जब हम गणतंत्र दिवस मनायेंगे, वो 75वां साल पूरा होगा और हम 76वां गणतंत्र मना रहे होंगे। 26 जनवरी 1949 को यह संविधान बन कर तैयार हो गया और पारित हो गया, लेकिन लागू हुआ 26 जनवरी 1950 को। डॉ भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में देश के संविधान का निर्माण हुआ। प्रधानमंत्री मंत्री मोदी इसी बात को सबसे निचले स्तर के लोगों को समझते हुए आगे बढ़ाने के लिए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास का नारा दिया। सभी कोई एक होकर सामंजस्य बना के आगे बढ़ना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं, समाज के भविष्य हैं, इसके कर्णधार हैं। आपके कदमों में आनेवाले दिनों में समाज भी चलेगा। इसलिए संविधान को आप सभी लोगों को समझना चाहिए। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि संविधान से पहले भारत में सत्ता का स्वरूप कुछ और था। संविधान के बाद का देश-एक नया भारत बना। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय साहू, निखिल कंडुलना, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित साहू, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन पाहन, नगर उपाध्यक्ष कंचन सिंह, नगर महामंत्री विकास चौधरी, सुदन मुंडा, सौरभ कुमार आदि उपस्थित थे।

## दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के उपाध्यक्ष करण कुमार महतो ने अपने दो दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया है। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने 23 जनवरी को पिपरवार के बेंती मे संपन्न हुए। नागरिक अभिनंदन समारोह के दौरान सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास, भाजपा चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, महामंत्री मिथलेश गुप्ता के समक्ष सामुहिक रूप से इस्तीफा दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव के समय मतदान के समय पार्टी के प्रति दिन रात काम करते हैं और वही अगर पार्टी का बैठक होती है तो इन्हें जानकारी तक नहीं दी जाती है। विधायक, सांसद या और कोई भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता का आना होता है तो इसकी जानकारी स्थानीय और पुराने कार्यकर्ता को नहीं दी जाती हैं। इस्तीफा देने वालो में पिपरवार भाजपा मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो, पिपरवार मंडल संयोजक संजय भोक्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामलाल महतो, बुथ अध्यक्ष भोला पासवान, शिवशंकर गंझु, वरूण सोनी, प्रमोद कुमार सोनी, रवींद्र उरांव, किशुन उरांव, सक्रिय सदस्य, संजीव कुमार महतो, शीला देवी, नमिता कुमारी, कंचन देवी, आर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, बबलू गंझु, टिंकु कुमार महतो, अवध ठाकुर, किरण कुमारी, सरस्वती कुमारी, मनोज गंझु, विजय गंझु, पुष्पा देवी,प ंकज ठाकुर, रवि कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं का नाम शामिल है।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने फीता काट कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक ने स्टालों का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। स्वास्थ्य मेला में यक्षमा कीट का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न 15 स्टालों पर चिकित्सा कर्मी द्वारा स्वास्थ्य जांच और मुफ्त दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में अंग्रेजी, आयुर्वेदिक आयुष, हेम्योपेथी और योगा आदि पद्धति से इलाज किया गया। करीब 360 विभिन्न स्टालों में मरीजों का नामांकन कर चिकित्सा किया गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शेखर कुमार चौधरी ने बताया कि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर बीडीओ एकता वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शेखर कुमार चौधरी, जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, डॉ अनुपम घोषाल, डॉ रवि सिंह, डॉ ममता मरांडी, मुखिया राखोहरी सिंह मुंडा, लेखापाल रौशन कुमार झां सहित चिकित्सा पदाधिकारी और चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में मनायी गयी सुभाष चंद्र बोस की जयंती




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका टाका नारो जमीर ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की जिसके बाद स्कूल के सभी शिक्षकों ने सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर विस्तार से बच्चों को जानकारी दी साथ ही उनके संघर्ष के बारे में बताया गया। वही विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने प्रत्येक बच्चों को नेताजी के संघर्ष व विचारों को अपने जीवन में अनुकरण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके योगदान और संघर्ष को देश हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर स्कुल के सभी शिक्षक, शिक्षिका और कर्मचारी के अलावा स्कूल के सभी बच्चे मौजूद थे।

## नगर पंचायत में मतदाता दिवस का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मतदाताओं को नगर प्रशासक आदित्य पांडे के द्वारा शपथ दिलाया गया। मौके पर नगर पंचायत के संदीप शर्मा, राहुल लहरी, पल्लव नायक, दिनेश भगत आदि उपस्थित थे।

# समय पर प्राप्त करें योजनाओं का लक्ष्य : नीलम अग्रवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में आकांक्षी जिला खूंटी की समीक्षा बैठक शुक्रवार को निदेशक वित्तीय सेवा विभाग, केंद्र सरकार नीलम अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय समावेशन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और लक्ष्यों की प्राप्ति पर सभी बैंकों और संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से 31 दिसंबर 2024 तक संचालित सीएएसए खातों यानी बैंको द्वारा खोले गए चालू खाता, बचत खाता और अन्य की समीक्षा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति लाख जनसंख्या पर नामांकन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के प्रति लाख जनसंख्या पर नामांकन, अटल पेंशन योजना के प्रति लाख जनसंख्या पर नामांकन की समीक्षा, 31 दिसंबर 2024 तक प्रधानमंत्री जनधन योजना खातों की स्थिति, मुद्रा योजना के तहत बकाया राशि और एनपीए की समीक्षा विस्तार से की गयी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। निदेशक वित्तीय सेवा विभाग ने योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिये। जिले में संचालित बैंकों को आकांक्षी जिला के लिए निर्धारित इंडिकेटरों पर कार्य करते हुए प्रदर्शन में सुधार का निर्देश दिया गया। एसएलबीसी और एलडीएम को बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर ससमय कार्यों की ऑनलाइन डाटा अपडेट कराने, रिपोटिंग और अन्य कार्य सुनिश्चित एवं मोनिटरिंग का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं सभी बैंकों के प्रबंधक को प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कैम्प आदि का आयोजन कर योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और जागरूकता अभियान को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये गये। जिससे इंडिकेटर में सुधार कर सभी लक्ष्यों को पुरा किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, डीजीएम एसएलबीसी सीएच गोपाला कृष्णा, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी बैंक प्रबंधक और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## चर्चित अभिनेत्री ने लिया संन्यास

# महाकुंभ में महामंडलेश्वर बन गयीं ममता कुलकर्णी

- अब ममता नंद गिरि कहलायेंगी, किन्नर अखाड़े ने पदवी दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**प्रयागराज।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ममता कुलकर्णी अब किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बन गयी हैं। उन्होंने शुक्रवार को संगम तट पर पिंडदान किया। अब वह यामाई ममता नंद गिरि कहलायेंगी। उनका सिर्फ पट्टाभिषेक बाकी रह गया है। 53 साल की ममता सुबह ही महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा पहुंची थीं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक महामंडलेश्वर बनने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद किन्नर अखाड़ा ने उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी देने का एलान किया। इसके बाद महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ममता को लेकर अखिल भारतीय अखाड़े के अध्यक्ष रविंद्र पुरी के पास पहुंचे। ममता और पुरी के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। इस दौरान किन्नर अखाड़े के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। फिर उनके महामंडलेश्वर बनाने की प्रक्रिया शुरू की गयी।

किन्नर अखाड़े ने ममता को महामंडलेश्वर बनाये जाने को लेकर पूरी गोपनीयता बरती है। ममता साध्वी के रूप में महाकुंभ में शामिल हुईं। वह भगवा कपड़े पहनी दिखीं। उन्होंने गले में रुद्राक्ष की दो बड़ी माला पहन रखी थी। कंधे पर भगवा झोला टांग रखा था।

## कर्पूरी ठाकुर की 101वी जयंती मनायी गयी




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को सरोजनी टेक्निकल कालेज बुंडू में नाई समाज विकास समिति के द्वारा भारत के स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय जननायक भारत रत्न कपूर्री ठाकुर का 101वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। नाई समाज के प्रत्येक व्यक्तियो के घरों पर 11 दिया जलाया गया और समाज के उज्जवल भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होने की आवश्यकता है। इसी उपलक्ष्य में एनएसभीएस केंद्रीय कमेटी के पुनर्गठन पर अंतिम निर्णय लिया गया। आगामी महीने फरवरी में कोर कमेटी के द्वारा निश्चित समय दिन और स्थान तय कर केंद्रीय स्तर पुनर्गठन की सूचना और निमंत्रण अखबार तथा सोशल मीडिया के माध्यम साझा किया जायेगा। इस अवसर पर निर्वतमान केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रमाणिक केंद्रीय सचिव कमलाकांत प्रमाणिक, केंद्रीय सदस्य जीतमोहन ठाकुर, अजीत प्रमाणिक, प्रखंड अध्यक्ष गणेश प्रमाणिक, अवधेश प्रमाणिक, विनय प्रमाणिक, हिमांशु प्रमाणिक उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक स्व. राजेंद्र सिंह मुंडा की स्मृति में आयोजित टुसू मेला में उमड़ी भीड़

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना मैदान में शुक्रवार को स्व पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह मुंडा स्मृति टुसू मेला भव्य आयोजन मुखिया संघ सोनाहातू के द्वारा किया गया। मेले में चौड़ल प्रदर्शनी, फुटबॉल टूर्नामेंट, मुर्गा लड़ाई आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार महतो ने मेले में भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि स्व कॉ राजेंद्र सिंह मुंडा हमारे अभिभावक थे। हमें इनकी जुझारू, कर्मठशील, ओर संघर्षशील प्रवृत्ति से प्रेरणा लेने की जरूरत है। टुसू पर्व हमारी सभ्यता और सांस्कृति की पहचान है। फुटबॉल टूर्नामेंट हमें एकजुट होने की प्रेरणा देती है। इस दौरान आयोजित फुटबॉल खेल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में खिताब आर आर स्पोटर्स बिरडी की टीम ने एक गोल से परदेशी एफसी स्पोर्टिंग टीम को पराजित किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार महतो के द्वारा नगद 31 हजार और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, उपविजेता परदेशी एफसी टीम को प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुंडा कृष्ण कुमार सिंह मुंडा, मुखिया संघ के विकास मुंडा, मनोज सिंह मुंडा आदि ने संयुक्त रूप से 21 हजार रुपये और ट्रॉफी दिये गये। मेले में चौड़ल दलों को मेला कमिटी के द्वारा क्रमशः 3100, 2100 और 1100 दिये गये। मौके पर, भोलेश्वर सिंह मुंडा, मुखिया प्रताप सिंह मुंडा, फनिभूषण सिंह मुंडा, राजेंद्र प्रसाद महतो, ठाकुर मनमोहन सिंह मुंडा, गोपाल सिंह मानकी, रोहित महतो, डोमन महतो, परदेशी महतो, सुधीर कुमार महतो, धरनी देवी, कृष्णा सिंह मुंडा,आदि समेत मुखिया संघ, ग्राम प्रधान संघ मंच पर उपस्थित थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के अनुप अधिकारी, रामनारायण जयसवाल, रवि सांडिल, अमूल्य सिंह मुण्डा, पंचानन स्वांसी,विदेशी, नेपाल नायक, मंटू जयसवाल, हरिभंजन महतो, दीपक सिंह मुंडा आदि का योगदान रहा। कमेंट्री दिनेश प्रमाणिक ने किया।

## राहे पीएचसी में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, 300 लोगों ने करायी जांच

**राहे (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा राहे पीएचसी में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, बीडीओ अशोक कुमार,चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा, मुखिया कृष्णा पातर ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर किये। स्वास्थ्य मेला में दंत चिकित्सा, परिवार नियोजन परामर्श, त्वचा जांच, टीवी नियंत्रण, ओर कैंसर जागरूकता, मलेरिया ओर फाइलेरिया जांच, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच और परामर्श, पोषण परामर्श, सहित आंख ओर मोतियाबिंद जांच, किशोर किशोरी स्वास्थ्य परामर्श का स्टॉल लगाया गया। 300 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। स्वास्थ्य मेला को डॉ कालाचंद सिंह मुंडा, डॉ पूनम मिंज, डॉ बीना प्रसाद, डॉ अरुण कुमार, डॉ सौरभ डॉ पीयूष पाठक, विनोद कुमार राधेश सिंह, डॉ अरुण तिग्गा, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ विभा, ओर सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी का योगदान रहा। आवश्यकता अनुसार सभी को दवा भी दिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी, सहित काफी संख्या में लोग स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ में स्वस्थ मेला का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ में स्वस्थ मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तमाड़ डॉ सावित्री कुजुर डॉ मंजु गुप्ता डॉ सिम्मी मिंज डॉ सुनिता प्रेमा एक्का डॉ रोशन लाल। दन्त चिकित्सक डॉ निखत परवीन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ जफर एकबाल डॉ सुषमा खलखो और डॉ सुशीला सुणडी, डॉ इंद्रजीत मेहता, डॉ राम प्रसाद द्वारा किया गया। कुल मरीजों की संख्या 455 रही जिसमें 8 हाइड्रोसील आपरेशन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, तमाड़ जिला परिषद मध्य, तमाड़ विधायक प्रतिनिधि और मुखिया तमाड़ पूर्वी और पश्चिमी के कर कमलों द्वारा किया गया

## 30 फीट नीचे जा गिरी अनियंत्रित बोलेरो, नौ घायल, महिला गंभीर

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची-मुरी मार्ग पर चमघाटी संकीर्ण पुल से शुक्रवार की शाम सात बजे एक बोलेरो अनियंत्रित होकर 30 फीट नीचे जा गिरी। इस हादसे में बोलेरो में सवार नौ लोग घायल हो गये। इनमें ललको देवी (60) नामक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। उन्हें रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह सालमकुजु गोला की रहने वाली है। अन्य घायलों में सोनी देवी (22), सालो देवी (60), मोलो देवी (50), मोबू देवी (60), रेमची देवी (60), कार्तिक मुंडा (3) शामिल हैं। सभी बरियातू गोला रामगढ़ के निवासी हैं। बोलेरो में सवार होकर सभी लोग वापस गोला लौट रहे थे। सभी एक शादी समारोह में शामिल होने रूपडु गये थे। वहां से खाना खाने के बाद वापस लौच रहे थे, तभी यह घटना हुई।

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन में शुक्रवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनायी गयी। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष, राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का आचरण निजी और सार्वजनिक जीवन में ऊंचे मानदंड स्थापित किये थे। इसलिए उन्हें जननायक का उपाधि प्राप्त हुआ और केंद्र सरकार ने भारत रत्न दिया। इस अवसर पर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष एसएन सिंह कुशवाहा, दिलीप वर्मा, कमलेश चौधरी, राम लखन साहू, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो के सिंगार सरई में जंगली हाथी का उत्पात

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घाघरा सिंगार सरई गांव में गुरुवार की देर रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने झामन बड़ाइक के कच्चे घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे एस्बेस्टस और घर में रखे बर्तन व घरेलू सामान बर्बाद हो गये। हालांकि घर में सो रहे लोग किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। इसके बाद गांव के लोग टीना, बाल्टी, ट्रार्च व मशाल जलाकर हाथी को भगाया तो वह जंगल किनारे खेतों में चली गई। जहां अफरोज खान के खेतों में लगे फ्रेंचबीन की फसल को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। पीड़ित परिवार ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। इधर, ग्रामीणों ने जंगली हाथी से निजात दिलाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। खबर है कि जंगली हाथियों का झुंड दिन में घाघरा जंगल में था।

## माउंट कार्मल स्कूल में 50 प्रतिशत छूट पर नर्सरी से केजी तक होगा नामांकन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** माउंट कार्मल स्कूल में नर्सरी से लेकर केजी तक के बच्चों का नामांकन 15 फरवरी तक 50 प्रतिशत की विशेष छूट पर हो रहा है। यह जानकारी स्कूल के निदेशक फादर दीपक ने दी है।

### रातू सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# स्वस्थ्य रहने के लिए जागरूक होना जरूरी : नवीन जयसवाल

**पांच लोगों ने किया रक्तदान, 25 दिव्यांगों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। हटिया विधायक नवीन जयसवाल और बीडीओ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, मुखिया महेश्वरी देवी, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। अपने संबोधन में विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए जागरूक होना जरूरी है। जागरूक नहीं होने के कारण सही तरह से इलाज नहीं हो पाता और लोग बीमार रहते है। वहीं, सीएचसी प्रभारी डॉ सुजीत ने अस्पताल में बेड-बिजली की कमी दूर करने के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाने व सीएचसी के बीचोंबीच पार हुई 11 हजार वोल्ट के तार को हटाने की मांग की। इस पर विधायक ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही ठंड को देखते हुए अस्पताल के मरीजों के लिए 90 कंबल उपलब्ध कराया।



स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करते हटिया विधायक नवीन जयसवाल और अन्य।

### 883 मरीजों का हुआ इलाज

शिवर में स्वास्थ्य मेला के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, सामान्य चिकित्सा, आयुष चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नेत्र जॉच, टीबी, कुष्ट, एनसीडी, परिवार नियोजन परामर्श सहित कुल 883 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच और परामर्श दिया गया। साथ ही मेले में आयोजित रक्तदान शिविर में पांच लोगों ने रक्तदान किया। जबकि दिव्यांग शिविर में 25 लोगों का प्रमाण पत्र बनाया गया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ सुजीत कश्यप, डॉ एनके सिन्हा, डॉ आईएस होरो, डॉ पुरूषोत्म, डॉ प्रीति, डॉ शिखा, डॉ स्नेहा, डॉ मधुरिमा, बीपीएम वैशाली कृष्णा, बीएएम अभिषेक तिवारी, प्रकाश गोप, अमित कुमार, प्रभात रंजन, नीलम खलखो, संधीर, प्रवीण, विद्या सागर शर्मा और अजीत आदि उपस्थित थे।

## बैठक कर पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू करवाने की मांग

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आदिवासी समन्वय समिति भारत की बैठक शुक्रवार को पूर्व मंत्री देव कुमार धान की अध्यक्षता में रांची प्रेस क्लब में हुई। जिसमें रांची, चाईबासा, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, दुमका और लातेहार आदि जिलों के आदिवासी अगुआगण नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने पेसा कानून लागू करने को लेकर अपने-अपने विचार रखें। जोर देकर कहा कि हेमंत सरकार जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें। अन्यथा धरना प्रदर्शन, सड़क जाम और रैली -धरना प्रदर्शन किया जाएगा। झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव ने कहा कि भूरिया कमेटी की सिफारिश पर कानून बनाया गया है, जो संविधान में अंगीकृत है। केंद्र सरकार ने इस कानून को विभिन्न राज्यों में लागू करने के लिए एक साल का समय सीमा तय किया था। कहा था कि एक साल के अंदर देश के विभिन्न राज्य अपने सुविधा अनुसार नियमावली बनाकर लागू करें। अगर लागू नहीं करती है तो यह कानून पूरे देश में स्वतः लागू हो जाएगा। वर्तमान में 10 में से आठ राज्यों में पेसा कानून पूर्ण रूप से लागू है। झारखंड में भी पेसा कानून लागू है। लेकिन पूर्णतः लागू नहीं है। इसलिए सरकार को चाहिए कि नियमावली बनाकर जल्द से जल्द पेसा कानून पूर्ण रूप से लागू करें। झारखंड उच्च न्यायालय ने भी सरकार को निर्देश दिया है कि पेसा कानून को जल्द से जल्द लागू करें। बैठक में पूर्व मंत्री देव कुमार धान, रमेश उरांव बलकु उरांव, फूलचंद तिर्की, विजय कुजूर, महादेव मुंडा, हितेश्वर भगत, गोपाल मुर्मू, जगदीश उरांव, प्रभु दयाल उरांव, पंचानन सोरेन, बलदेव मुंडा, दीनबंधु सिंह मुंडा, डॉक्टर अर्जुन टुडू, अनीता गाड़ी, कृष्णा हंसदा, कलावती खड़िया, भोलानाथ सिंह मुंडा आदि शामिल थे।

# शिक्षा में निरंतर उत्साह बनाये रखें और अपनी प्रतिभा को निखारें : निपेंद्र नाथ झा

**झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में 'मेधा सम्मान समारोह' का हुआ आयोजन**

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची ने शुक्रवार को 'मेधा सम्मान समारोह' का आयोजन कर शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता देने की एक अनूठी पहल की। इस कार्यक्रम में 2024-25 शैक्षणिक सत्र के दौरान 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रेरित करना और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहन देना था। टॉपर्स को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 1000 रुपये, द्वितीय को 800 और तृतीय स्थान वाले को 500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आइएएस वरुण रंजन, प्रबंध निदेशक, जेआइआइडीसीओ उपस्थित थे। साथ ही, निपेंद्र नाथ झा, जीएम एचआर और आईआर, उषा मार्टिन लिमिटेड, सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन से हुई। इसके बाद रांची टूल रूम के प्रिंसिपल ने अपने स्वागत भाषण में उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचानने और छात्रों को प्रेरित करने के महत्व पर जोर दिया। पुरस्कार वितरण के दौरान वरुण रंजन ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके समर्पण की प्रशंसा की। निपेंद्र नाथ झा ने कहा कि वे अपनी शिक्षा में निरंतर उत्साह बनाए रखें और अपनी प्रतिभा को निखारें। उन्होंने झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के इस प्रयास की सराहना भी की। इस समारोह में क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्र शामिल हुए। पुरस्कार पाने वाले स्कूलों में हंसराज वाधवा हाई स्कूल नामकुम, गवर्नमेंट हाई स्कूल टाटीसिलवे, पीएम श्री गवर्नमेंट अपग्रेडेड हाई स्कूल बानपुर, गुंदलीपोखर मिडिल एंड हाई स्कूल अनगड़ा, गौतम बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल टाटीसिलवे और एसएस प्लस 2 हाई स्कूल शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अभियंता मंगल तोप्पो और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने दिया। इस मौके पर सेपी. पंकज, राहुल रंजन ओरांव, कुमार अविनाश, देबाशीष घोष आदि उपस्थित थे।




## अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलायी गयी मतदाता जागरूकता की शपथ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों को जागरूक मतदाता के रूप में सजगता एवं निष्पक्षता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। वहीं सभी ने यह शपथ ली कि लोकतंत्र में हम अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर बिना किसी भेद-भाव अथवा प्रलोभन में आये सभी निर्वाचनों में हम अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## टोल प्लाजा प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रिंग रोड स्थित हेसल टोल प्लाजा प्रबंधन की मनमानी की शिकायत मिलने पर खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्रामीणों ने विरोध जताया। इसके बाद प्रबंधन को विभिन्न मांगों से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा गया। इसमें एक महीने के अंदर स्थिति में सुधार करने को कहा गया। रामकुमार पाहन ने बताया कि टोल टैक्स में स्थानीय लोगों से भी टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि पूर्व में हुए समझौता में टोल गेट के 20 किमी रेडियस के ग्रामीणों को टोल टैक्स नहीं लेने पर सहमति हुई थी। इस मौके पर समाजसेवी मुस्तफा अंसारी, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, भाजपा नेता मनीराम महतो, इब्राहिम अंसारी आदि थे।

## फ्रेशर्स डे और विदाई समारोह का आयोजन




**रातू (आजाद सिपाही)।** समर्पण दीप बीएड कॉलेज की ओर से शुक्रवार को फ्रेशर्स डे व 2024-26 के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के सचिव नवल किशोर गुप्ता, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेन्द्र प्रसाद एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने नए प्रशिक्षुओं का स्वागत किया। वहीं, सचिव नवल किशोर गुप्ता ने सत्र 2022-24 के उतीर्ण विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं, सत्र 2022-24 के टॉपर सौम्य सिन्हा और सुप्रिया कुमारी को सम्मानित किया गया। मंच संचालन अभिलाषा, पल्लवी, बिनीता और आकृति ने किया। वहीं, जीत राज मिस्टर और प्रिसिला जोजो मिस फ्रेशर बनी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आनंद कुमार भगत ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ दशरथ महतो, सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद कुमार भगत, डॉ शशि कुमारी तिर्की, वासिफ शाह, अच्यूतानंद मिश्र, कन्हाई महतो, अनिल साहू, दिनेश महतो और शिवराज भगत का विशेष योगदान रहा।

# खेल के जरिए हम क्लास रूम टीचिंग से खेल के मैदान में खुद को साबित करें : डॉ तपन शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची के राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन में 21 से 25 जनवरी तक आयोजित 'एनुअल स्पोर्ट्स 2025' मीट के चौथे दिन शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में रांची के श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य शामिल हुए। उन्होंने क्रिकेट खेल का शुभारंभ बल्लेबाजी करके किया। इससे पूर्व महाविद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ समीर चौधरी ने उन्हें प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित खिलाड़ी का चित्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ तपन ने कहा कि खेल के माध्यम से हम सभी अपने आप को क्लास रूम टीचिंग से खेल के मैदान में खुद को साबित करते हैं। विकसित भारत 2047 के संकल्प का आधार भी 'खेलेगा भारत तो बढ़ेगा भारत' ही है। वहीं, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षुओं से कहा कि शिक्षा जगत में खेल जगत का महत्वपूर्ण योगदान है। संचालन डॉ ओम प्रकाश और धन्यवाद ज्ञापन डॉ रमण झा ने किया। मौके पर डॉ मजहरूल हक, डॉ रितेश, प्रो भागीरथ, प्रो दुलाल, डॉ जाकिर, प्रो राकेश व प्रो पंकज आदि मौजूद थे।



## बेड़ो में 105 दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गांवों में ठंड से राहत पहुंचाने को लेकर सरकार की योजना के तहत प्रखंड कार्यालय परिसर में 105 दिव्यांगों के बीच बीडीओ राहुल उरांव व सीओ प्रताप मिंज ने कंबल का वितरण किया। बीडीओ ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत जरूरतमंद एवं दिव्यांगों को कंबल दिया गया है। कहा कि जरूरतमंदो तक कंबल पहुंचाना मेरा उद्देश्य है। ग्रामीणों की सेवा में हमेशा तत्पर हूं। ग्रामीणों को जब भी कोई परेशानी हो, इसकी सूचना दें। संबंधित समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं सीओ ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हम सभी की जिम्मेवारी है।

## पिस्का आरओबी से उड़ रही धूल से परेशान आक्रोशित लोगों ने किया धरना-प्रदर्शन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजर्मांग 23 के रांची-गुमला में स्थित पिस्का रेलवे लाइन में निर्माणधीन आरओबी के कारण उड़ रहे धुल और घोर अनियमितता बरते जाने के विरोध में शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने निमार्णाधीन आरओबी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने झारखंड सरकार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से निर्माणाधिन ओवर ब्रिज को सही तरीके से निर्माण करने की मांग की। कहा कि ओवरब्रिज के ठेकेदार मनमानी तरीके से कार्य करते हैं। सड़क के दोनों साइड बन रहे नाली के दो से तीन फुट के ऊपर की ऊंचाई बना दिया जा रहा है। सहायक रोड से नाली निर्माण कर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशाना का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने चेताते हुए कहा कि अगर निर्माण सही रूप से नहीं किया जाता है या पानी का छिड़काव लगातार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में राष्ट्रीय राजमार्ग 23 रांची-गुमला मार्ग में स्थित पिस्का ओवर ब्रिज के किनारे के दोनों ओर हजारों ग्रामीण सड़क पर उतरकर जाम कर देंगें। मौके पर भाजपा नेता विंध्याचल महतो, प्रकाश महतो, अमर महतो, सुधीर महतो, योगेन्द्र शर्मा, लखविंदर महतो, सतनारायण ठाकुर और ओमप्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।

# टुसू झारखंडी संस्कृति की पहचान है : सुरेश बैठा

## जनजातीय भाषा और क्षेत्रीय भाषा में उच्च शिक्षा ग्रहण करें : डॉ राकेश

**सुकुरहुटू गांव के पीपर टंगरा में टुसू मेला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** ऐतिहासिक टुसू मेला का आयोजन सुकुरहुटू गांव के पीपर टंगरा में हुआ। मेला टाड़ में स्थित जतरा खूंटा की पूजा पूरे विधि विधान से की गयी। वहीं, मेला का उद्घाटन कुरमाली भाषा परिषद् के अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो ने किया। उक्त मेले में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दर्जनों गांव के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि टुसू हमारी पहचान है। हमारी संस्कृति को बचाने के लिए सभी युवाओं को हमेशा तैयार रहना होगा। किसी भी समाज की पहचान अपनी भाषा और संस्कृति से होती है। इस लिए इसे संजोए रखने की जरूरत है। मेला में मुख्य वक्ता बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अरुण साहू ने टुसू के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि कला संस्कृति के साथ शिक्षा जरूरी है। इस लिए जनजातीय भाषा और क्षेत्रिय भाषा में उच्च शिक्षा ग्रहण करें। मेला में कई गांवों के ग्रामीण टुसू लेकर पहुंचे। मेला में टुसू और पीठा प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जबकि टुसू खोड़हा में प्रथम पुरस्कार सुकुरहुटू गांव ऊपर टोली शीला देवी के ग्रुप एवं द्वितीय पुरस्कार गारु गांव की सुनीता कुमारी ग्रुप, तृतीय पुरस्कार रूमा देवी ग्रुप को मिला। वहीं, पीटा प्रतियोगिता में पिछले कई वर्षों से कल्पना देवी को पुरस्कार मिलता आ रहा है। इस वर्ष भी कल्पना देवी प्रथम पुरस्कार, सुनीता कुमार द्वितीय और सोनी देवी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को विधायक सुरेश कुमार बैठा एवं अन्य सभी अतिथियों द्वारा किया गया। मेले के सफल आयोजन में संस्थापक दिलेश्वर महतो, संरक्षक सलखू महतो, संरक्षक राम शरण महतो, सलाहकार पंकज महतो, अध्यक्ष संजीव कुमार महतो, सचिव ललित महतो, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार उपाध्यक्ष, अनिल मुंडा, लीलावती देवी, राहुल कुमार, दीपक महतो, जाफर अंसारी, उर्मिला देवी, दिलीप महतो, राजेश कुमार, जमशेद अंसारी, चंचल रंजन, रेहान अंसारी, डब्ल्यू महतो, बेनी लाल महतो, मनीषा, सुनीता, बिपिन, अजय, सुनील, सागर पहान आदि का सराहनीय सहयोग रहा।



टुसू मेला में विजेताओं को पुरस्कृत करते कांके विधायक और अन्य गणमान्य।

## लापुंग में परेड की तैयारी और राष्ट्रीय गीत का हुआ अभ्यास

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस पर प्रखंड स्तरीय विद्यालय मार्च पास्ट 26 जनवरी को होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की होंगे। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को लापुंग प्रखंड में स्टेडियम में परेड का अभ्यास किया गया। इसमें 15 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने परेड और राष्ट्रीय गीत का अभ्यास किया। इनमें कस्तूरबा गांधी विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय, लेटे, दाड़ी, लालगंज, महुगाव, फतेहपुर, जातलोया, अरमालटदग, दोलाइचा, जातालोया, सरसा आदि के विद्यार्थी शामिल हुए। इस मौके पर लापुंग बीडीओ उषा मिंज, सीओ पंकज कुमार, बीपीओ लीलावती तिर्की आदि उपस्थित थे।

## स्कूटी से गिरकर तीन युवक घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत के नावाडीह के समीप शराब के नशे में धुत स्कूटी सवार तीन लड़के अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर गये। घटना में कोलेंग निवासी स्कूटी चालक मनीष मलार रोशन कुल्लू व एक अन्य लड़का घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से मनीष और रोशन को सदर अस्पताल लाया गया जबकि एक अन्य लड़के का स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया। वही दोनों लड़के गंभीर रूप से घायल हैं। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत रोशन को डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

## बाइक से गिरकर युवक घायल

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोटबो ढ़ोड़हा के समीप एक बाइक चालक युवक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक कुएं में जा गिरा। जिसके कारण वह जख्मी हो गया है। जिसे बसिया अस्पताल रेफर किया गया। यह घटना शुक्रवार की शाम पांच बजे के आसपास की है। बताया जा रहा कि उक्त जख्मी युवक का नाम मतियस आईंद उम्र 27 वर्ष लापा बरटोली निवासी है। जो शुक्रवार की शाम मे लापा बकसपुर से कामडारा की ओर जा रहा था। उसी दौरान गांव कोटबो ढोड़हा के पास उसका बाइक अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे एक कुएं से जा टकराया। जिसके कारण वह कुएं मे गिर पड़ा।

## खाना बनाते समय वृद्ध जलकर घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी गांव में 60 वर्षीय पूरन मुंडा खाना बनाने के दौरान आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है।

# उपायुक्त ने पीवीटीजी गांवों में पेयजल सुविधाओं को दुरुस्त करने पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पीएत जनमन योजना के तहत विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़ी जनजातीय समूह) ग्रामों के नागरिकों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी।

उपायुक्त ने पीवीटीजी ग्रामों में पेयजल सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। नकटी झरिया क्षेत्र में पेयजल समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिये गये।

आवास योजनाओं के तहत, उप विकास आयुक्त को सभी पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने और नियमित निरीक्षण करने का आदेश दिया गया। छुटे हुए पीवीटीजी नागरिकों का सर्वेक्षण कर उन्हें भी योजनाओं का लाभ देने की बात कही गयी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 9 सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जबकि 23 नई सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उपायुक्त ने इन कार्यों में तेजी लाने और समय पर निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये।

स्वास्थ्य सेवाओं के तहत, पीवीटीजी ग्रामों में स्वास्थ्य जांच हेतु संचालित मोबाइल मेडिकल वैन की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा गया। आयुष्मान कार्ड बनाने और सिकल सेल एनीमिया की जांच को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में पीवीटीजी क्षेत्रों में बने छात्रावासों और विद्यालयों की स्थिति पर चर्चा की गयी। सभी घरों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और जहां बिजली उपलब्ध नहीं है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

# घाघरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष नीरज और सचिव रूपेश बने

**सभी दुकानदारों ने अपने दुकान के आगे से अतिक्रमण मुक्त करने का लिया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



घाघरा। प्रखंड मुख्यालय के चांदनी चौक में गुरुवार की देर शाम व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्व सहमति से अध्यक्ष नीरज जायसवाल व सचिव रूपेश साहू को मनोनीत किया गया। साथ ही बैठक में कई महत्वपूर्ण चर्चा किया गया। जिसमें सभी दुकानदार अपने दुकान के आगे से अतिक्रमण मुक्त करेंगे, सभी दुकानदार आपसी सहमति से चांदनी चौक के प्रभावित दुकान से 15 दिनों में 50 सहयोग राशि जमा करेंगे, चांदनी चौक में गंदगी को मुक्त करके स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा, चांदनी चौक में शौचालय, हाई मास्क लाइट, रोड के दोनों तरफ फेवर ब्लॉक, स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए उच्च अधिकारी को संघ के द्वारा आवेदन दिया जायेगा, चांदनी चौक की सफाई के लिए चार व्यक्ति का चयन किया गया जिसका मानदेय संघ के द्वारा दिया जायेगा, पूर्व में बने शौचालय को फिर से चालू करने के लिए बीडीओ को आवेदन भी दिया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से नीरज जायसवाल, रूपेश साहू, अमित ठाकुर, अरविंद जायसवाल, नंदलाल साहू, नीरज सिंह, सुधीर जायसवाल, बिंदु ठाकुर, संजीत कुमार साहू, हीरालाल साहू, धीरज साहू, शेखर सुमन सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य मेला में 1140 लोगों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




भरनो। झारखंड सरकार के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, वीडियो अरुण कुमार सिंह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जाहिद अख्तर सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया। मेला में मुख्य रूप से स्टोल लगाकर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांचों उपरांत निशुल्क दवाइओं का वितरण किया गया। आयोजित मेला में विभिन्न गांव से पहुंचे लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी एवं निशुल्क दवा का वितरण किया गया। प्रमुख ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचना है अच्छा स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है इसे हम सभी को बचाकर रखना अति आवश्यक है। सरकार स्वास्थ्य के प्रति बहुत ही गंभीर है और धरातल पर योजना एवं सुविधाओं को उतारने का काम कर रही है सरकार गंभीर बीमारी एवं असाध्याय बीमारियों के लिए भी अलग से सुविधा दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधा धरातल पर पहुंचा रही है जिसका लाभ हमें ज्यादा से ज्यादा लेना है। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति हम सभी को सजग रहना चाहिए सतर्कता ही हमें निरोग काया प्रदान करती है। कहा कि हमारे प्रखंड क्षेत्र के लोग काफी जागरूक हैं। शिविर मे लोग बेहिचक पहुंचकर अपना स्वास्थ्य जांच कराते हुए निशुल्क दवा प्राप्त करें। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें। किसी प्रकार का कोई समस्या हो तो आप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर अपना जांच करायें। जिसके उपरांत अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया गया।

# बीडीओ ने बैठक में एंबुलेंस को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



घाघरा। घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पदाधिकारी और कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास विभाग, पशुपालन, कृषि विभाग मनरेगा कल्याण विभाग सहित कई अन्य विभाग के पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने बाल विकास में मातृ योजना, कन्यादान योजना और पोषण ट्रैकर से मिलने वाले लोगों को लाभ की जानकारी ली। साथ ही आंगनवाड़ी जर्जर भवन की जानकारी भी लिया। स्वास्थ्य विभाग से आदिम जनजाति परिवार के लोगों को मिलने वाले लाभ आयुष्मान कार्ड बनाने सहित कई जानकारी ली और 108 एंबुलेंस को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पशुपालन विभाग से मिलने वाले बकरी पालन, सूकर पालन, मुर्गी पालन, कुकुट पालन की जानकारी ली। कृषि विभाग से केसीसी के लक्ष्य रवि फसल से संबंधित जानकारी लिया। ग्रीन कार्ड बने नये लाभुकों को शत प्रतिशत राशन देने की बात कही।











































# धनबाद एशियन अस्पताल में शीघ्र शुरू होगी किडनी ट्रांसप्लांट और बाइपास सर्जरी की सुविधा : अनुपम पांडे

## कहा- धनबाद एवं आसपास के जिलों के मरीजों को मुख्य रूप से लाभ दिलाने का है प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एशियन अस्पताल का एक फरवरी को पूरे भारत के मरीजों को चिकित्सीय सेवा प्रदान करने के गौरवपूर्ण 15 साल पूरा होने जा रहा है। एशियन अस्पताल के निदेशक अनुपम पांडे ने कहा कि एशियन अस्पताल धनबाद के अलावा नोएडा, फरीदाबाद, नई दिल्ली, पटना और मुरादाबाद में मरीजों की सेवा में समर्पित है। हमारे चेयरमैन के नेतृत्व में हर एक एशियन अस्पताल केंद्र में चिकित्सा के हर विभागों में नवीनतम टेक्नोलॉजी को उन्नत किया जाता है और अस्पताल के डॉक्टरों के पास उपलब्ध कराई जाती है, ताकि आकस्मिक व जटिल से जटिल मर्ज का इलाज प्रक्रिया जल्द शुरू कर मरीज को स्वस्थ किया जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में धनबाद एशियन अस्पताल में 18 डायलिसिस मशीनों की उपलब्धता से कोयलांचल का सबसे बडा डायलिसिस सेंटर है। जिसमें 1500 से अधिक लोगों का हर महीने डायलिसिस हो रहा है। दिल्ली एशियन अस्पताल केंद्र में वर्तमान में हर महीने 10 मरीजों के सफल किडनी ट्रांसप्लांट होते हैं। अब सबसे महत्वपूर्ण धनबाद एशियन अस्पताल में शीघ्र ही किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सक्रिय होने जा रही है। धनबाद में किडनी ट्रांसप्लांट सेवा शुरू होने से किडनी रोगियों को कम खर्च में ही एशियन अस्पताल के चिकित्सकों की टीम द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट करने की सुविधा शहर में ही मिल जाएगी। साथ ही अस्पताल में दूसरा कैथ लैब की भी सुविधा उपलब्ध हो रही है। कार्डियक सर्जरी की अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की शीघ्र ही चिकित्सा के लिए पूर्ण रूप से तैयार है जिसके उद्घाटन की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। एशियन अस्पताल प्रबंधन का पूरा प्रयास है कि इसी वर्ष 2025 में बाईपास सर्जरी और उनसे संबंधित सर्जरी धनबाद सेंटर में की जाय, ताकि धनबाद एवं आसपास के जिलों के मरीजों को बड़े शहरों में काफी खर्च करके इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से बजट में स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाये जाने की उम्मीद की है।



पत्रकारों से बात कर जानकारी देते अस्पताल के निदेशक अनुपम पांडे व अन्य।

## सावित्री देवी ने टॉपरों को किया पुरस्कृत



**कतरास (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय में समारोह आयोजित कर 10वीं की छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने विभाग की ओर से प्रदत्त नौ साइकिल छात्राओं को दी और टॉपरों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, प्राचार्या सुमन मिश्रा व अन्य शिक्षिकाओं ने सावित्री देवी को शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस दौरान छात्राओं ने तथा बाल विवाह पर आकर्षक प्रस्तुति दी। मौके पर जैक सदस्य डॉ अरुण कुमार महतो, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल, खुशवंत कुमार, बीपीओ विकाश कुमार, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय, अमित सिन्हा और सरोज विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।


JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone. 0651-2401044, 2401047
email: japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM - I**

**e-Tender Ref No.: JAP-IT/Coop/RCS-Compute/01/2025 PR No.: 343535**

As per Pre-Bid meeting held on 15.01.2025 in regard of e-Tender Ref. No.: JAP-IT/Coop/RCS-Compute/01/2025 for Selection of SI/SP for 'Computerization of Office of Registrar of Cooperative Societies (RCS) of Jharkhand'.
Accordingly, 'Corrigendum – I' as a Pre-Bid query response is being published and same may downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in and same may also be available on https://japit.jharkhand.gov.in.
Further, Time Schedule has also been revised, which is as under:

| Sl. No. | Item | Description |
|---|---|---|
| i. | Last date and time of Online Bid Submission | Latest by 14.02.2025 till 05:00 pm |
| ii. | Technical Bid Opening | On 17.02.2025 by 03:30 pm |
| iii. | Financial Bid Opening | Will be announced accordingly. |

Other terms & conditions remains same as per published RFP. **Sd/-**
**Officer on Special Duty, JAP-IT, Ranchi**
PR 344947 (Information Technology)24-25*D


# कबाड़ से निर्मित नेताजी की प्रतिमा का अनावरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल ने आजादी के अमर सपूत नताजी सुभाषचद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। सुबह में कोयला नगर स्थित नेताजी सुभाष चक पर बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक मंडल के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारियों ने माल्यार्पण कर नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके बाद सामुदायिक भवन कोयला नगर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इजिसमें बीसीसीएल की ओर से अक्टूबर 2024 में विशेष अभियान 4.0 के दौरान स्क्रैप (कबाड़) से नर्मित नेताजी की एक भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। सामुदायिक भवन में स्थापित नेताजी की यह प्रतिमा लगभग साढ़े पांच फीट ऊंची है। बीसीसीएल के इस प्रयास की सराहना कोयला मंत्रालय की ओर से भी की गई। नेताजी की जयंती पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा एवं बीसीसीएल सएमडी समीरन दत्ता ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि देकर नमन किया। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि नेताजी के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता सग्राम में नई ऊंचाइयां छुई थी। उन्होंने सच्चे अर्थों में देश का नेतृत्व किया था। इसलिए हम आज भी उन्हें नेताजी कहकर याद करते हैं। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने भी नेताजी के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि नेताजी हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। धनबाद की भूमि सौभाग्यशाली है कि कभी नेताजी के कदम धनबाद में पड़े थे। वहीं, बीसीसीएल के सीएमडी समीरान दत्ता ने कहा कि बीसीसीएल का यह प्रयास हमारे राष्ट्र के नायकों को स्मरण करते हुए उनके प्रति एक श्रद्धांजलि है। इस दौरान दव स्कूल के बच्चों ने स्वागत गान किया। जबकि डीपीएस स्कूल के बच्चों द्वारा स्वरचित राष्ट्रीय गान भी गाया गया। इस दौरान बीसीसीएल के वरिष्ठ पदाधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बीसीसीएल के जनसंपर्क पदाधिकारी उदयवीर सिंह ने किया।

# गोल : जहां से शुरू होती है नीट-इंजीनियरिंग में सफलता की उड़ान

**गोल के विद्यार्थी 2025 के नीट परीक्षा में झारखंड और बिहार में फिर से शीर्ष स्थान हासिल करेंगें : संजय आनंद**



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोयलांचल का सबसे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित संस्थान 'गोल' ने 2025 के लिए प्रतियोगी विद्यार्थियों को प्रेरित करने और सफलता के रहस्यों को साझा करने के उद्देश्य से एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें छात्रों को नीट के शेष 90 दिनों एवं इंजीनियरिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के प्रभावी तरीकों और अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। गोल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक विपिन सिंह ने कहा कि पिछले 27 वर्षों में गोल ने कोयलांचल से अभूतपूर्व परिणाम हासिल किया हैं। छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का विश्वास और गोल की समर्पित टीम का योगदान ही संस्थान की सफलता का आधार है। उन्होंने छात्रों को हर विषय पर मजबूत पकड़ बनाने के व्यावहारिक तरीके साझा किए, जिसे आत्मसात कर साधारण छात्र भी असाधारण सफलता हासिल करते रहे हैं। वहीं, गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने कहा कि संस्थान के मार्गदर्शन में अब तक 17,000 से अधिक छात्र डॉक्टर बन चुके हैं और देश-विदेश में मानवता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि गोल के छात्र 2025 के नीट परीक्षा में झारखंड और बिहार में फिर से शीर्ष स्थान हासिल करेंगे। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे एक भी कक्षा या टेस्ट ना छोड़ें और किसी भी समस्या का समाधान पाने के लिए बेझिझक संस्थान से संपर्क करें। कहा कि अनुशासन, समय प्रबंधन और सही दिशा-निर्देश का पालन सफलता की कुंजी है। सेमिनार में उपस्थित छात्रों के चेहरे पर जोश और उत्साह साफ झलक रहा था। गोल के अनुशासित और प्रेरक माहौल से वे बेहद प्रसन्न और आश्वस्त दिखे। यह आयोजन ना केवल उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरणादायक था, बल्कि उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग भी दिखा गया।

## विराजपुर श्रीराम कृष्णा पब्लिक स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण झारखण्ड के तत्वावधान में लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल बोहरा आश्रम चौपारण की ओर से विराजपुर श्रीराम कृष्णा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिकल टीम ने सैकड़ों लोगों के आंखों की जाचं की और उन्हें निःशुल्क दवा और चश्मा दिया। इस अवसर पर मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक भागवत प्रसाद पांडेय वशिष्ठ ने इनके लोकहित एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहना की। प्रदेश सचिव सुरेश चंद्र तिवारी ने उनकी सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया। वहीं, प्रधानाचार्य सरयू प्रसाद राय ने आयोजन को भौतिक व्यवस्था दी। इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मेडिकल टीम के डॉ आर्यन कुमार यादव, डॉ गौरव कुमार पांडेय, डॉ युवराज कुमार के साथ ही रोहन सिंह, हरिश्वर डांगी, लक्की सिंह, आकाश सिंह, रवी कुमार वर्मा, संदीप कुमार, याशिका कुमारी, प्रत्याश कुमारी, रोहित कुमार, अमीत कुमार, दीलांशी परवीन, सोनाली कुमारी, उज्ज्वल बाउरी आदि की भूमिका अहम थी।

# लिम्का बुक रिकॉर्ड धारियों को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बेकारवांध स्थित ब्लेसिंग हॉल में भाजपा की ओर से आयोजित संविधान गौरव दिवस अभियान कार्यक्रम में अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह लिम्का बुक रिकार्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनिल बाँसफोर, लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर सुनील बाँसफोर, लिम्का बुक रिकार्ड धारी अमरजीत बांसफोर, मुकेश बांसफोर और सुयश भारती को केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं, अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर, लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर सुनील बांसफोर, अमरजीत बांसफोर, मुकेश बांसफोर, सुयश भारती एवं तलवारबाजी के राज्य खिलाड़ी अखिलेश बांसफोर, रूपेश, नितेश और निकेश ने केंद्रीय मंत्री को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिरूप सौंपी। इस अवसर पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, भाजपा के धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय आदि मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह

**धनबाद/झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सह जोरापोखर चासनाला में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी धनबाद की ओर से शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ मिहिर कुमार की देखरेख में संचालित हुई। वहीं, रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रॉस नोडल पदाधिकारी ब्लड बेनजीर परवीन की देखरेख में किया गया। इसमें झरिया विधायक रागिनी सिंह, धनबाद सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन, डॉ मिहिर, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटीज और दिलीप सिंह आदि शामिल थे।

## मनाया गयी जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती

# जन-जन के नेता ही बनते हैं जननायक : कैलाश ठाकुर



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो के अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन की ओर से शुक्रवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती मनायी गयी। लोगों ने केंद्र सरकार के बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वं कपूर्री ठाकुर के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के अध्यक्ष दीनबंधु ठाकुर और विशिष्ट अतिथि बालगोविंद ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन किशोरी ठाकुर ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर के बहुआयामी व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन में जेल जाने से लेकर राजनीतिक जीवन में उनका कृतित्व अनुकरणीय है। वे गरीबों के विकास एवं प्रगति के लिए हमेशा चिंतित रहते थे। आज हम सभी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। कहा कि पिछडे और दलितों में लोकप्रियता और जनजन के नेता होने के कारण उन्हें जननायक कहा जाता था। कपूर्री ठाकुर एकाकृत बिहार के एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री, सात बार विधायक और एक बार संसाद रह चुके हैं। कपूर्री जी सबको रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, सम्मान और स्वाभिमान की बात करते थे। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले वर्ष उनको भारत रत्न दिया, जिसका सर्वसमाज अभिनंदन करता है। कार्यक्रम को फुसरो नगर के पूर्व अध्यक्ष निलकंठ रविदास, विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर, समाजसेवी सुभाष ठाकुर, सुरेश शर्मा, अनिल साव, डॉ शंकर ठाकुर, मेघू दिगार, सोहनलाल मांझी, डब्ल्यू ठाकुर, मनोज ठाकुर, शंकर ठाकुर, गोविंद ठाकुर, नितेश ठाकुर, चंदन ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर यूनियन के उप सचिव अनुज शर्मा, उप कोषाध्यक्ष हीरा ठाकुर, संगठन मंत्री प्रेम ठाकुर, उप संगठन मंत्री ब्रह्मदेव ठाकुर, मनोज शर्मा, भीम ठाकुर, ज्ञानी ठाकुर और मनोज ठाकुर आदि मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

–: आवश्यक सूचना:–

दिनांक– 26.01.2025 को गणतंत्र दिवस समारोह मोरहाबादी मैदान में मनाया जायेगा। यह समारोह दिनांक–26.01.2025 को प्रातः 09:00 बजे से महामहिम राज्यपाल महोदय के आगमन के साथ प्रारम्भ होगा।
इस अवसर पर दिनांक–26.01.2025 को राँची शहरी क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था निम्नवत् होगी:–
(क) बड़े वाहनों का नो–इन्ट्री का समय प्राप्त 06:00 बजे से 10:00 बजे रात्रि तक रहेगा।
(ख) राँची शहर की ओर आने वाली सभी बड़े वाहन विभिन्न मार्गों के सामने अंकित स्थान तक ही आ सकेंगे:–

1. कांके से राँची भाया बोड़ेया, – बोड़ेया।
2. चाईबासा– खूँटी से राँची, – बिरसा चौक।
3. गुमला सिमडेगा से राँची,(भाया अरगोड़ा) – कटहल मोड़।
4. गुमला– सिमडेगा से राँची, – आई0टी0आई0 बस पडाव।
5. जमशेदपुर से राँची, – दुर्गा सोरेन चौक, नामकुम।
6. जमशेदपुर से राँची,(भाया सदाबहार चौक) – सदाबहार चौक।
7. कांके पतरातु से राँची, – लॉ यूनिवर्सिटी।
8. बुटी मोड़ से कोकर भाया बरियातु, – बुटी मोड़।
9. बुटी मोड़ से कोकर भाया खेलगॉव, – खेलगॉव चौक।
10. तिलता चौक रिंग से पिस्का मोड़ की ओर – पंडरा बाजार।

1. गणतंत्र दिवस के अवसर पर माननीय/अतिथि का कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निर्धारित मार्ग:–

| क0सं0 | माननीय/अतिथि | निर्धारित मार्ग |
|---|---|---|
| 1 | महामहिम राज्यपाल महोदय, | ए0टी0आई0 मोड़ → सिद्धू–कान्हू पार्क मोड़ → डॉ श्याम प्रसाद वि0वि0 मोड़ → राजकिय गेस्ट हाउस से बायें मोड़ कर → वी0वी0आई0पी0 → प्रवेष द्वार → मंच। |
| 2 | माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीगण | ए0टी0आई0 मोड़, → सिद्धू–कान्हू पार्क मोड. → डॉ श्याम प्रसाद वि0वि0मोड़ → राजकिय गेस्ट हाउस से बायें मोड कर → वी0वी0आई0पी0 प्रवेष द्वार |
| 3 | माननीय संसद/विधायक | ए0टी0आई0 मोड़ → सिद्धू–कान्हू पार्क मोड़ → डॉ श्याम प्रसाद वि0वि0 मोड़ → राजकीय गेस्ट हाउस से बायें मोड़कर → वी0आई0पी0 प्रवेष द्वार। |
| 4 | केन्द्र/राज्य सरकार के पदाधिकारीगण | हॉट लिप्स चौक → ए0टी0आई0 मोड → रणधीर वर्मा चौक → एस0एस0पी0 आवास चौक → उपायुक्त आवास चौक → कार्यक्रम स्थल। |

**2. वाहनों की पार्किंग स्थल:–**

| क0सं0 | | पार्किंग स्थल |
|---|---|---|
| 1 | महामहिम राज्यपाल महोदय के कारकेड | मुख्य मंच के पीछे। |
| 2 | VVIP वाहन | |
| 3 | पदाधिकारी के वाहन | मंच के पष्चिम नीलांबर–पितांबर पार्क(ऑक्सीजन पार्क) के बगाल पार्किंग स्थल। |
| 4 | नारंगी पासयुक्त वाहन | मुख्य मंच से पष्चिम बने पार्किंग स्थल। |
| 5 | हरा पासयुक्त वाहन | बापु वाटिका के सामने बने पार्किंग स्थल। |
| 6 | मीडिया कर्मी के वाहन | हॉकी स्टेडियम के उत्तर बापु वाटिका के सामने स्थित आर्मी ग्राउण्ड से सटे पार्किंग स्थल। |
| 7 | सामान्य वाहन पार्किंग | T.R.I के सामने मैदान स्थित |

**3. ड्रॉप गेट में वाहनों का प्रवेष:–**

| क0सं0 | ड्रॉप गेट स्थाल | वाहनों के प्रवेष | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | ड्रॉप गेट नं0–01 **(उपायुक्त आवास की तरफ से मोरहाबादी जाने वाला मार्ग)** | VIP/पदाधिकारी/मीडिया | अन्य वाहनों का प्रवेष वर्जित रहेगा |
| 2 | ड्रॉप गेट नं0–03 **(उपायुक्त आवास से आगे मोड़ उपायुक्त चौक)** | | |
| 3 | ड्रॉप गेट नं0–05 **(आर्मी मैदान के सामने)** | पदाधिकारी/मीडिया कर्मी/पासधारी | |
| 4 | ड्रॉप गेट नं0–07 **(सब्जी बाजार मोड़)** | | |
| 5 | ड्रॉप गेट नं0–11 **(स्टेट गेस्ट हाउस मोड)** | महामहिम राज्यपाल/वी0वी0आई0पी0 कारकेड वाहनों का प्रवेष | |
| 6 | ड्रॉप गेट नं0–12 **(राँची कॉलेज मोड़ के पास)** | महामहिम राज्यपाल/वी0वी0आई0पी0 कारकेड वाहनों का प्रवेष | |
| 7 | ड्रॉप गेट नं0–13 **(सिद्धू–कान्हू पार्क मोड़)** | महामहिम राज्यपाल/वी0वी0आई0पी0 कारकेड वाहनों का प्रवेष | |
| 8 | ड्रॉप गेट नं0–02 **(दीनदयाल नगर की तरफ से उपायुक्त आवास होकर मोरहाबादी जाने का मार्ग)** ड्रॉप गेट नं0–04 **(माननीय षिबू सोरेन आवास के बगल वाले मार्ग)** ड्रॉप गेट नं0–06 **(हॉकी स्टेडियम के पास)** ड्रॉप गेट नं0–08 **(रजिस्ट्री ऑफिस के सामने कट)** ड्रॉप गेट नं0–09 **(रजिस्ट्री ऑफिस से मोरहाबादी मैदान की तरफ जाने वाले रास्ता)** ड्रॉप गेट नं0–10 **(स्टेट गेस्ट हाउस के बगल दीनदयाल नगर के तरफ से आने वाले मार्ग)** ड्रॉप गेट नं0–14 **(दीनदयाल नगर श्री बन्धु तिर्की आवास के पास)** ड्रॉप गेट नं0–15 **(बिजली ऑफिस के ट्रासंफामर मोड़)** | – – | सामान्य वाहनों का प्रवेष वर्जित रहेगा |

➢ उपायुक्त आवास मोड़ से हॉकी स्टेडियम तक कोई पार्किंग नही होगी एवं राँची कॉलेज मोड से वी0वी0आई0पी0 इन्ड्री गेट तक पार्किंग वर्जित रहेगा।
➢ शहर के अन्य मार्गो पर छोटे वाहनों का परिचालन पूर्ववत् रहेगा।

पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।
PR 344926 Police(24-25)D

# ओड़िशा के चौतरफा विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं पीएम मोदी : प्रताप षाड़ंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। पूर्वोदय के विकास में विकसित भारत का निर्माण संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओड़िशा के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और सरकार संभालने के पहले दिन से ही इसके लिए काम कर रहे हैं। मोदी की देखरेख में प्रदेश में 'गरीब, युवा, किसान एवं महिला कल्याण योजना' को साकार और सफल बनाने के लिए सभी प्रकार के प्रयास चल रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के नेतृत्व में राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद साढ़े चार करोड़ ओड़िया लोगों की आशा और आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए काम किया जा रहा है। ओड़िशा की विरासत, संस्कृति, परंपराओं, कला, भाषा, खान-पान आदि को दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य में बीजेपी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी 5वीं बार ओड़िशा आ रहे हैं।

ओड़िशा में पहली बार विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं। सम्मान दुनिया तक पहुंची है। सांसद और वरिष्ठ नेता प्रताप षड़ंगी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह, सुभद्रा योजना का शुभारंभ, पुलिस महानिदेशक सम्मेलन, प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री मोदी 28 तारीख को फिर से ओड़िशा आ रहे हैं। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। अपने दौरे के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ओड़िशा शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंग। षड़ंगी ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन ओड़िशा में बड़े पैमाने पर निवेश को सक्षम बनायेगा और प्रधानमंत्री की प्रत्यक्ष देखरेख में राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देगा। भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती, संविधान गौरव अभियान, अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पार्टी द्वारा भव्य तरीके से मनायी जायेगी। इस संवाददाता सम्मेलन में राज्य उपाध्यक्ष, सुकेशी ओराम, राज्य महासचिव डॉ यतिन महांति, राज्य मीडिया समन्वयक सुजीत दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सोआ संचालित आइटीइआर को टाइम्स बिजनेस अवार्ड-झारखंड 2025 में पूर्वी भारत में नंबर वन का सम्मान

## रैगिंग मुक्त परिसर के रूप में भी दिया गया सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आइटीइआर) को प्रथम टाइम्स बिजनेस अवार्ड-झारखंड 2025 में पूर्व भारत में नंबर वन इंजीनियरिंग शैक्षणिक संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया है। 17 जनवरी को टाइम ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा समेत 36 श्रेणियों में विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जबकि बॉलीवुड स्टार सोनू सूद ने यह सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में सोआ के आइटीइआर को रैगिंग-मुक्त परिसर' के रूप में पेश किया गया था। कार्यक्रम में कहा गया था कि आइटीइआर में रैगिंग को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाता है या यहां ऐसा कोई माहौल नहीं है। प्रोफेसर प्रशांत कुमार पात्र डीन (स्कांसर्ड रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल कंसल्टेंसी) ने सोआ की ओर से सम्मान स्वीकार किया।

# कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में तेजी लायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



पार्टी कार्यालय में बैठक करते भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा के संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान को लेकर शुक्रवार को धनवार के घोडथंभा मंडल सदस्यता प्रभारी, भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने घोड़थंभा क्षेत्र का दौरा किया। इस क्रम में कार्यकर्ताओं से मिल कर उन्हें सदस्यता अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। बताया गया कि भाजपा में सक्रिय सदस्य बनने के लिए उन्हें 50-50 सदस्य बनाने होंगे। कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। बाद में उन्होंने धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। कई लोगों की समस्या का समाधान भी किया गया। कई को जल्द से जल्द निदान का भरोसा दिया। मौके पर उपेंद्र सिंह, पवन सिंह, संतोष यादव, मनोज सिन्हा मौजूद थे।

# एम्स भुवनेश्वर में आइसीयू पुनर्वास 'एआइआर' पायलट परियोजना पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर ने अंतिम हितधारकों की बैठक के साथ एम्स आइसीयू पुनर्वास (एआइआर) पायलट परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह ऐतिहासिक घटना चार साल की एक परिवर्तनकारी पहल की परिणति का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य आइसीयू के बाद की देखभाल और गंभीर रूप से बीमार मरीजों के पुनर्वास में सुधार करना है, जिससे 400 से अधिक गंभीर रूप से बीमार, बिस्तर पर पड़े मरीज और उनके परिवार लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान डॉ आशुतोष बिस्वास ने मरीजों और उनके परिवारों के साथ एक प्रेरक बातचीत की, जिसमें परियोजना के प्रभाव के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। प्रमुख उपस्थित लोगों में डॉ निरोद कुमार साहू (अतिरिक्त निदेशक तकनीकी), डॉ दीपक बिस्वाल (एसपीएम, एनआइपीआइ इनोवेशन सेल, एनएचएम ओड़िशा), डॉ दिलीप कुमार परिदा (चिकित्सा अधीक्षक, एम्स भुवनेश्वर), डॉ सत्यजीत मिश्रा और डॉ स्वागत त्रिपाठी शामिल थे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड






**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जायेगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नयी दिल्ली के कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गयी, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। इस दौरान 3,74,000 से अधिक अर्धसैनिक बलों को 383 विशेष ट्रेनों के माध्यम से देशभर में सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का काम किया। सोशल मीडिया अभियान और जनभागीदारी भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बेहतर तरीके से उपयोग किया। भारतीय रेल ने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने का काम किया, बल्कि नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया। यह पुरस्कार भारतीय रेल की उन असाधारण पहलों का प्रतीक है, जो यह दशार्ती हैं कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

# 2 फरवरी से शुरू होगी क्रिकेट मैच के टिकट की ऑनलाइन बिक्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत-इंग्लैंड वनडे क्रिकेट मैच 9 फरवरी को कटक के बारबाटी में होगा। ऑनलाइन टिकटों की बिक्री 2 फरवरी से शुरू होगी। कुल 4 हजार टिकट ऑनलाइन मोड में बेचे जायेंगे। ऑनलाइन बुकिंग की हार्ड कॉपी कैंब्रिज स्कूल भुवनेश्वर और किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर के कैंपस काउंटर से ले सकते है। काउंटर दो दिन 7-8 तारीख को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा। 9 तारीख को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक काउंटर खुला रहेगा। इन दोनों स्थानों में से प्रत्येक पर तीन काउंटर होंगे। 3 और 4 फरवरी को संबद्ध क्लबों को टिकट बेचे जायेंगे। आम जनता के लिए टिकट 5 और 6 फरवरी को बेचे जायेंगे। पुलिस आयुक्त और मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने स्टेडियम की स्थिति का निरीक्षण किया। भारत-इंग्लैंड वनडे क्रिकेट मैच को देखने के लिए 50 हजार दर्शक होने वाली है। ऐसे में पुलिस कमिश्नर ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे स्टेडियम परिसर में अनुशासन बनाये रखा जायेगा और टिकटों की बिक्री में कोई समस्या नहीं होगी। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा के साथ-साथ यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी लगाये जायेंगे।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**